सतना
09 मार्च 2026 सोमवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना एवं मनेन्द्रगढ़ से एक साथ प्रकाशित

## शंकराचार्य पर एफआईआर कराने वाले आशुतोष महाराज पर हमला

### ट्रेन में चाकू मारे, नाक काटने की कोशिश; बोले- जितना खून बहा, उसका बदला लेंगे

**प्रयागराज, एजेंसी।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर बटुकों से यौन उत्पीड़न की FIR कराने वाले आशुतोष महाराज पर रविवार को चलती ट्रेन में जानलेवा हमला हुआ। आशुतोष महाराज ने बताया- रीवा एक्सप्रेस ट्रेन से गाजियाबाद से प्रयागराज जा रहा था। फर्स्ट्‌ष्ट कोच में बैठा था। रास्ते में सिराथू रेलवे स्टेशन के पास सुबह करीब 5 बजे टॉयलेट के उठे। बाहर गेट पर एक आदमी खड़ा था। आगे बढ़ा तो उसे पीछे से हमला कर दिया। धारदार हथियार से उनकी नाक काटने की कोशिश की। चेहरे और हाथ पर कई वार किए। गंभीर चोटें आईं। काफी खून बहा। आशुतोष ब्रह्मचारी के मुताबिक, वह किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे और ट्रेन के टॉयलेट में खुद को बंद कर लिया। वहीं से जीआरपी को फोन कर घटना की जानकारी दी। उन्होंने हमले के पीछे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, उनके शिष्य मुकुंदानंद समेत अन्य को जिम्मेदार ठहराया है। फिलहाल जीआरपी ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि, मामले में शंकराचार्य का कहना है कि सब दिखावा है। आशुतोष माहौल बनाने और सुरक्षा पाने के लिए ऐसा कह रहे हैं। हमारे ऊपर आरोप लगाने का मकसद सिर्फ मीडिया का अटेंशन पाना है। यह यात्रा से ध्यान भटकाने की कोशिश है।

## 'पलानीस्वामी का भी बिहार के मुख्यमंत्री जैसा हाल होगा', तमिलनाडु के सीएम स्टालिन का बड़ा दावा

**चेन्नई,एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शनिवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी, अन्नाद्रमुक के प्रमुख ई.के. पलानीस्वामी का भी वही हश्र करेगी, जो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का हुआ है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने यह बयान एक ऐसे कार्यक्रम में दिया, जिसका आयोजन पूर्व मुख्यमंत्री ओ. पन्नीरसेल्वम के समर्थकों को द्रमुक (डीएमके) में शामिल कराने के लिए किया गया था। अन्नाद्रमुक से निष्कासित नेता पन्नीरसेल्वम हाल ही में सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके में शामिल हुए थे।

**पलानीस्वामी पर विश्वासघात का आरोप** :स्टालिन ने कहा कि ओ. पन्नीरसेल्वम निष्ठा के पर्याय हैं, जबकि अन्नाद्रमुक प्रमुख पलानीस्वामी विश्वासघात के प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पलानीस्वामी स्वयं को बचाने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एम.जी. रामचंद्रन और जे. जयललिता द्वारा बनाई गई पार्टी अन्नाद्रमुक को भाजपा के हाथों गिरवी रखकर पलानीस्वामी ने विश्वासघात किया है।

## प्रदेश की बेटियों को अब किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश की नारी शक्ति को पत्र लिख कर उनके योगदान का महत्व बताया है। उन्होंने कहा कि सशक्त समाज निर्माण में महिलाओं की अहम भूमिका है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार आधी आबादी की सुरक्षा, गरिमा, आत्मनिर्भरता के प्रति दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले महिलाओं के साथ अपराध आम बात थी। आज प्रदेश में बेटियां सुरक्षित हैं। स्पष्ट नीति और साफ नीयत से यह संभव हुआ है।

योगी ने नारी शक्ति को सम्बोधित पत्र में लिखा कि मिशन शक्ति, एंटी रोमियो अभियानों ने अपराधियों के मन में डर पैदा किया। जहां बेटियां सुरक्षित और सम्मानित होती हैं, वहां समाज सतत प्रगति करता है। आज छात्राओं के ड्रॉपआउट रेट, मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर में अभूतपूर्व आई गिरावट आई है। शिक्षा से रोजगार तक बेटियों को समान अवसर मिल रहा है। यूपी की नारी शक्ति आज स्वावलंबन का नया अध्याय रच रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीसी सखी, लक्ष्मी दीदी, ड्रोन दीदी, स्वास्थ्य सखी, सूर्य सखी परिवार के साथ प्रदेश को सशक्त कर रही हैं। नारी का सम्मान समस्त समाज के लिए सर्वोपरि हो। मां एवं मातृभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है।

मुख्यमंत्री ने अपनी पाती में लिखा है कि प्रदेश की बेटियों को किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है। सरकार बेटियों के सपनों की उड़ान को पंख दे रही है।

### नितिन गडकरी बोले

## 'वीर सावरकर एक निष्ठावान देशभत जिनकी हिंदुत्व की व्याया आज भी प्रासंगिक'



**नागपुर, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने विनायक दामोदर सावरकर को एक सच्चे देशभक्त और वैज्ञानिक सोच वाला व्यक्ति बताया है। उन्होंने कहा कि सावरकर ने हिंदुत्व को जिस तरह से समझाया था, वह आज भी बहुत काम आता है और महत्वपूर्ण है।एक कार्यक्रम में, जहां सेना के पूर्व प्रमुख जनरल मनोज पांडे (रिटायर्ड) का सम्मान किया गया, गडकरी ने कहा कि सावरकर सभी के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि सावरकर सिर्फ एक देशभक्त ही नहीं थे, बल्कि एक बेहतरीन कवि, विचारक और इतिहासकार भी थे। सबसे खास बात यह है कि वे समाज को सुधारने वाले एक आदर्श व्यक्ति थे।

**वैज्ञानिक वैचारिक दृष्टिकोण और हिंदुत्व की प्रासंगिकता:**गडकरी ने कहा, 'सावरकर की सोच वैज्ञानिक थी। उन्होंने हिंदुत्व के बारे में जो बातें बताई, वे आज के समय में बहुत उपयोगी और प्रासंगिक हैं।' उन्होंने बताया कि सावरकर का मानना था कि हिंदू समाज में जो जाति-भेदभाव और छुआछूत है, उसे पूरी तरह खत्म कर देना चाहिए।

**गुणों पर आधारित श्रेष्ठता का सिद्धांत:**केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह सावरकर का दृढ़ विश्वास था कि किसी भी व्यक्ति को उसकी जाति के कारण श्रेष्ठ नहीं माना जा सकता; व्यक्ति अपने गुणों के कारण श्रेष्ठ बनता है।

**सावरकर को लेकर राजनीतिक टिप्पणी :**केंद्रीय मंत्री ने एक 'बड़े राजनीतिक नेता' का अप्रत्यक्ष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि जब कोई सावरकर की आलोचना करता है, तो उन्होंने ऐसे नेता से कहा था कि यदि महान स्वतंत्रता सेनानी सावरकर महान नहीं हैं, तो देश में कोई भी महान नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैंने उस नेता से कहा कि आप विचारधारा की आलोचना कर सकते हैं और विचारधारा पर मतभेद हो सकते हैं। लेकिन, देश के लिए सावरकर और उनके परिवार से अधिक किसी ने बलिदान नहीं दिया है।'

**यह बात संभवत:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उन बयानों के जवाब में कही गई थी, जिनमें उन्होंने कहा था कि सावरकर ने अंग्रेजों से माफी मांगकर जेल से छूटने की कोशिश की थी। इन बयानों के कारण, सावरकर के परपोते ने पुणे की एक अदालत में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा किया है।

## कमल हासन ने ट्रम्प से कहा-अपने काम से काम रखो

### ओपन लेटर में लिखा- भारत आजाद देश, अब हम विदेशी सरकारों का हुकुम नहीं मानते



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कमल हासन ने हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिए एक ओपन लेटर लिखकर, उन्हें अपने देश पर ध्यान देने की नसीहत दी है। कमल हासन ने दबे शब्दों में डोनाल्ड ट्रम्प की उस नसीहत पर तंज कसा है, जिसमें उन्होंने भारत को रशिया से तेल लेने की छूट दी है। कमल हासन ने आधिकारिक ङ्ग अकाउंट (पहले ट्वविटर) से लिखा है, 'सेवा में, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प। माननीय राष्ट्रपति जी, हम भारत के लोग एक आजाद और अपने फैसले खुद लेने वाले देश के नागरिक हैं। अब हम किसी दूसरे देश से ऑर्डर नहीं लेते। कृपया अपने काम से काम रखें। देशों के बीच आपसी सम्मान ही दुनिया में शांति बनाए रखने का सही तरीका है। हम आपके देश और वहां के लोगों के लिए शांति और तरक्की की कामना करते हैं। कमल हासन- एक प्राउड भारतीय नागरिक। संस्थापक- मक्कल नीधि माइअम।' मिडिल-ईस्ट में जंग के कारण स्थिति काफी गंभीर हो गई है। ईरान ने 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' को ब्लॉक कर दिया है, जहां से दुनिया की 20% तेल सप्लाई होती है। ऐसे में भारत में भी तेल के दाम बढ़ने का अनुमान था। इसी बीच भारत को 3 अप्रैल तक रूस से कच्चा तेल खरीदने की शर्तों के साथ छूट मिल गई है।

अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रम्प के ऊर्जा एजेंडे के तहत यह अस्थायी कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका का एक महत्वपूर्ण पार्टनर हैं और ग्लोबल मार्केट में तेल की सप्लाई को स्थिर रखने के लिए यह छूट दी गई है।

## देश में 33,577 बच्चे लापता, बंगाल टॉप नंबर पर

### 7 राज्यों में बच्चों के गुम होने का कोई मामला नहीं, महिला व बाल विकास मंत्रालय की रिपोर्ट




**नई दिल्ली, एजेंसी।** देशभर में बच्चों के लापता होने के आंकड़े चिंताजनक हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की 'मिसिंग चिल्ड्रन' की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक 1 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच देश में कुल 33,577 बच्चे गायब हुए। इनमें से 7,777 बच्चे अब तक नहीं मिले। रिपोर्ट में बताया गया है कि सबसे ज्यादा 19,145 बच्चे पश्चिम बंगाल में लापता हुए। इनमें से 15,465 बच्चों को ढूंढ लिया गया, जबकि 3,680 बच्चे अब भी नहीं मिले। मध्यप्रदेश में 4,256 बच्चे लापता हुए। इनमें से 1,059 बच्चों का अब तक पता नहीं चल पाया। इन 6 राज्यों में किसी बच्चे के लापता होने की रिपोर्ट नहीं नगालैंड, अरुणाचल, मणिपुर, त्रिपुरा, गुजरात व लक्ष्यद्वीप और दादर नगर हवेली में बच्चों के लापता होने की कोई शिकायत नहीं मिली है।

### सीएम ममता के धरने का तीसरा दिन

## बोलीं- भातपर एक देश, एक नेता-एक पार्टी का पागलपन सवार ; चुनाव आयोग को वैनिश कंपनी कहा



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धरना रविवार को तीसरे दिन भी जारी है। TMC सुप्रीमो ने चुनाव आयोग को वैनिश कमीशन कहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि BJP 'इलेक्टोरल रोल से सही वोटर्स के नाम हटाने के लिए वैनिश कमीशन का गलत इस्तेमाल' कर रही है। उनका यह कमेंट ऐसे दिन आया है जब चुनाव आयोग की पूरी बेंच राज्य विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव की तैयारियों का रिव्यू करने के लिए कोलकाता आने वाली है। ममता ने कहा - एक देश, एक नेता, एक पार्टी के पागलपन में, BJP ने जन-विरोधी इच्छाओं को पूरा करने के लिए हर लोकतांत्रिक संस्था और संवैधानिक पद को सिस्टमैटिक तरीके से हथियार बना लिया है। बनर्जी ने दावा किया कि BJP का आखिरी मकसद बाबासाहेब अंबेडकर के बनाए गए संविधान को अपने पार्टी मैनिफेस्टो से बदलना है।



## इजराइल ने ईरानी तेल ठिकानों पर मिसाइलें गिराई,3 डिपो और 30 फ्यूल टैंक तबाह

### ईरान ने 5 देशों पर हमले किए, कहा- 6 महीने जंग लड़ेंगे



- इन हमलों में 5,535 घरों और 1041 दुकानें को नुकसान पहुंचा।
- 14 मेडिकल सेंटर्स और 65 स्कूलों पर भी हमला किया गया।
- US-इजराइल और ईरान जंग में अब तक 1483 मौत हुई है।
- जंग में अब तक इजराइल के 1765 लोग घायल हुए हैं।
- ओमान एयर ने 6 दिनों के लिए उड़ानें रद्द कीं

**तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का नौवां दिन है। इस बीच इजराइल ने ईरान में तेल भंडार और रिफाइनरी फैसिलिटी से जुड़े ठिकानों पर हवाई हमले शुरू कर दिए हैं। इजराइली मीडिया वाइनेट के मुताबिक, ईरान के 30 फ्यूल टैंकों और 3 तेल डिपो को निशाना बनाया गया है।

वहीं, ईरान ने पलटवार करते हुए 5 देशों पर हमले किए। इनमें इजराइल के अलावा कुवैत, सऊदी अरब, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात (UAE) शामिल हैं। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने कहा है कि वे अमेरिका और इजराइल के खिलाफ छह महीने तक जंग लड़ने में सक्षम है। IRGC के प्रवक्ता अली मोहम्मद नैनी ने कहा कि ईरान की सेना और रिवोल्यूशनरी गार्ड दोनों ही लंबे समय तक संघर्ष करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि मिडिल ईस्ट में अमेरिका और इजराइल से जुड़े सैन्य अड्डों और फैसिलिटी से जुड़े 200 से ज्यादा ठिकानों को निशाना बनाया गया है। ईरान में अब तक 6,668 सिविल इलाकों को निशाना बनाया गया है। क्षेत्र में हवाई क्षेत्र बंद रहने के कारण ओमान एयर ने कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयरलाइन ने घोषणा की है कि 9 मार्च से 15 मार्च तक नौ शहरों के लिए आने-जाने वाली उड़ानें रद्द रहेंगी। ओमान एयर के अनुसार जिन शहरों की उड़ानें रद्द की गई हैं उनमें अम्मान, दुबई, बहरीन, दोहा, दमाम, कुवैत, कोपेनहेगन, बगदाद और खासाब शामिल हैं।

एयरलाइन ने कहा कि क्षेत्र में जारी संघर्ष और हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण यह फैसला लिया गया है। यात्रियों से कहा गया है कि वे अपनी यात्रा से पहले उड़ान की स्थिति की जांच कर लें और किसी भी बदलाव की जानकारी के लिए एयरलाइन की आधिकारिक वेबसाइट या ग्राहक सेवा से संपर्क करें।

**ईरानी हमले में कुवैत के 22 मंजिला इमारत में आग लगी** :कुवैत के पब्लिक इंस्टीट्यूशन फॉर सोशल सिक्योरिटी की करीब 22 मंजिला इमारत पर आज ईरान ने ड्रोन हमला किया, जिससे इमारत में आग लग गई। हालांकि इस हमले में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

### दिल्ली में 15200 करोड़ के GPRA प्रोजेक्ट का उद्घाटन

## पीएम मोदी ने 2722 नए बने फ्लैट की चाबी महिलाओं को सौंपी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली में जनरल पूल रेजिडेंशियल अकोमोडेशन (GPRA) रीडेवलपमेंट प्लान के तहत 2,722 नए बने फ्लैट का उद्घाटन किया। साथ ही महिला लाभार्थियों को चाबी सौंपी। उन्होंने कुछ महिला मजदूरों से भी बातचीत की। इसके अलावा 6,632 अतिरिक्त फ्लैट और 15200 करोड़ के कई दूसरे प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। यह नेशनल कैपिटल में हाउसिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने का एक बड़ा हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुल 33,500 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस मौके पर पीएम एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद पीएम पिंक लाइन के 12.3 किमी लंबे मजलिस पार्क-मौजपुर-बाबरपुर कॉरिडोर और मैजेंटा लाइन के 9.9 किमी लंबे दीपाली चौक-मजलिस पार्क कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे।

इसी के साथ पीएम एक्सपेंशन प्लान के फेज V-A के तहत तीन नए दिल्ली मेट्रो कॉरिडोर का भी शिलान्यास करेंगे, जिनकी कुल लंबाई लगभग 16.1 किमी होगी।

इनमें रामकृष्ण आश्रम मार्ग-इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर, एरोसिटी-इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट टर्मिनल-1 कॉरिडोर और तुगलकाबाद-कालिंदी कुंज कॉरिडोर शामिल हैं। भारत सरकार दिल्ली में सात पुरानी सरकारी हाउसिंग कॉलोनियों को एक नए सेल्फ-फाइनेंसिंग मॉडल के ज़रिए रीडेवलप कर रही है, जिसके लिए सरकारी खजाने से किसी फंडिंग की ज़रूरत नहीं है। यह प्रोजेक्ट सरोजिनी नगर, नेताजी नगर, नौरोजी नगर, कस्तूरबा नगर, त्यागराज नगर, श्रीनिवासपुरी और मोहम्मदपुर में फैला है, जो लगभग 537 एकड़ में फैला हुआ है।

इन कॉलोनियों में मौजूदा कई क्वार्टर पुराने और असुरक्षित हो गए थे। लगभग 40% रहने लायक नहीं थे। रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट का मकसद केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए 20,000 से ज्यादा घरों की कमी को दूर करना है।

**फेज V-A के तहत 3 कॉरिडोर का शिलान्यास, लंबाई 16.1 किमी** : पीएम मोदी एक्सपेंशन प्लान के फेज V-A के तहत तीन नए दिल्ली मेट्रो कॉरिडोर का भी शिलान्यास करेंगे, जिनकी कुल लंबाई लगभग 16.1 km होगी।

इनमें रामकृष्ण आश्रम मार्ग-इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर, एरोसिटी-इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट टर्मिनल-1 कॉरिडोर और तुगलकाबाद-कालिंदी कुंज कॉरिडोर शामिल हैं। इससे सेंट्रल दिल्ली, साउथ दिल्ली, नोएडा और एयरपोर्ट के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होने की उम्मीद है।

## देश में पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं होगी

### भारत के पास 4,000 करोड़ लीटर तेल, सरकार बोली ये 8 हफ्तों के लिए काफी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के दौरान भारत को कच्चे तेल की कमी नहीं होगी। भारत के पास अभी कच्चे तेल और रिफाइंड पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स का 25 करोड़ बैरल (लगभग 4,000 करोड़ लीटर) से ज्यादा का स्टॉक है।

सरकार की रिपोर्ट के अनुसार यह बैकअप इतना है कि अगर सप्लाई पूरी तरह रुक भी जाए, तो भी देश की पूरी सप्लाई चेन 7 से 8 हफ्तों तक आसानी से चल सकती है। यानी आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल और दूसरे पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की कमी की कोई टेंशन नहीं है। यह रिपोर्ट उन दावों को खारिज करती है जिनमें कहा गया था कि भारत के पास केवल 25 दिनों का रिजर्व बचा है। सरकार ने साफ किया है कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा अब किसी एक रूट या देश पर निर्भर नहीं है।

**10 साल में 27 से बढ़कर 40 देशों तक पहुंच बढ़ी** :रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की एनर्जी खरीद पूरी तरह से 'राष्ट्रहित' पर आधारित है। पिछले 10 सालों में भारत ने अपने तेल सोर्सिंग के दायरे को काफी बढ़ाया है। एक दशक पहले भारत केवल 27 देशों से तेल खरीदता था, जो अब बढ़कर 40 हो गए हैं। वैश्विक स्तर पर तनाव के बावजूद भारत ने अपनी जरूरतों के लिए नए रास्ते तलाशे हैं।

## बंगाल चुनाव का काउंटडाउन : कोलकाता पहुंचेगी चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ, दो दिनों तक होगा तैयारियों का 'महा-मंथन'।




**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल में विधानसभा (विस) चुनाव की घोषणा से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में आयोग की पूर्ण पीठ दो दिनी दौरे पर रविवार रात कोलकाता पहुंचेंगी। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि पूर्ण पीठ नौ मार्च से बैठकें करना शुरू करेगी। सबसे पहले ज्ञानेश कुमार सुबह कालीघाट मंदिर जाकर पूजा-अर्चना करेंगे। मालूम हो कि कालीघाट मंदिर बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के विधानसभा क्षेत्र में है। उसके बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक होगी। आयोग बंगाल में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) की प्रक्रिया व आगामी विस चुनाव की तैयारियों को लेकर उनकी शिकायतों व सुझावों पर गौर करेगा। उसी दिन दोपहर सीईओ मनोज कुमार अग्रवाल पूर्ण पीठ के समक्ष बंगाल में जारी हुई अंतिम मतदाता सूची के विचाराधीन मामलों की वर्तमान स्थिति पर अपनी रिपोर्ट पेश करेंगे। अगले दिन पूर्ण पीठ बंगाल सरकार के शीर्ष प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। बैठक में राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती व कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक पीयूष पांडेय समेत अन्य शामिल होंगे। उसके बाद आयोग की टीम चुनाव पंजीकरण अधिकारियों, सहायक चुनाव पंजीकरण अधिकारियों व बूथ स्तरीय अधिकारियों से मिलेगी और फिर जिलाधिकारियों (जो कि जिला चुनाव अधिकारी भी हैं), पुलिस अधीक्षकों व विभिन्न पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर राज्य की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेगी।

## 40 डिग्री के पास पहुंचेगा तापमान, यूपी में अब कहर बरपाने वाली है गर्मी! लखनऊ-कानपुर में बढ़ी तपिश



**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी में फागुन के महीने में ही जेठ जैसी तपिश का अहसास होने लगा है। मार्च का पहला हफ्ता खत्म होने को है और सूरज के तेवर इस कदर तल्ख हो गए हैं। गर्मी ने लोगों को अभी से टार्चर करना शुरू कर दिया है। यूपी में लखनऊ, कानपुर, इटावा, आगरा, मथुरा, अलीगढ़ सहित अन्य जिलों में पारा सामान्य से कुछ डिग्री सेल्सियस ऊपर तक जा पहुंचा है। शनिवार को प्रदेश का मौसम पूरी तरह शुष्क रहा और फिलहाल राहत की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। उत्तर पश्चिमी हवा की गति लगभग एक से पांच किमी प्रति घंटा के बीच हैं, जिसके कारण गर्मी बढ़ गई है। शनिवार का दिन इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। कानपुर में अधिकतम पारा 32.3 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से 4.8 डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम पारा 17.6 डिग्री पहुंच गया है जो सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक है। कानपुर में हवा की रफ्तार कम होने से एक सप्ताह में कड़ी धूप के साथ चिपचिपी गर्मी भी पड़नी शुरू हो जाएगी। पहाड़ों पर विक्षोभ का असर और बिहार तक आ चुके बादलों के कारण रात का तापमान में वृद्धि हो रही है। जब तक बादल नहीं छटते तब तक तापमान में वृद्धि बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, अरब सागर से एंटी साइक्लोन यानि प्रति चक्रवात उठने की वजह से वहां से नम हवा बिहार, पूर्वी यूपी होते हुए मध्य क्षेत्र की ओर बढ़ रही हैं। इससे उमस बढ़ेगी, 15 मार्च के करीब तक दिन का पारा 35 डिग्री के आसपास, जबकि आखिरी मार्च तक 40 डिग्री सेल्सियस तक पारा जा सकता है।

**कोई मौसम तंत्र सक्रिय नहीं :** मौसम विशेषज्ञ डॉक्टर एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि प्रदेश में एक सप्ताह तक कोई मौसम तंत्र सक्रिय नहीं होगा। मौसम शुष्क बना रहने से अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान एक से दो डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि देखने को मिलेगी।

## थार सवार दो युवकों ने लहराईं तलवारें, गुरुग्राम पुलिस ने ड्राइवर समेत दो को दबोचा; हथियार बरामद



**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम में अब थार सवार दो युवकों द्वारा गाड़ी चलाते समय बाहर निकलकर तलवारें लहराने का मामला सामने आया है। पुलिस ने लोगों की सूचना पर नाकेबंदी करते हुए दोनों युवकों को गाड़ी समेत पकड़ लिया। गाड़ी से चार तलवारें व खुखरी बरामद की गई। दोनों के खिलाफ सेक्टर 10 थाने में संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया। सेक्टर-10 थाना पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात मुखबिर ने सूचना दी कि एक काले रंग की थार गाड़ी में दो युवक तलवार लहरा रहे हैं। यह गाड़ी कादीपुर की तरफ तेज रफ्तार में घूम रही है।


**पुलिस ने घेरकर गाड़ी को पकड़ा :** वहीं, सूचना पर पुलिस ने हिमगिरी चौक के पास नाकेबंदी की। कुछ देर बाद बिना नंबर की एक थार गाड़ी बसई चौक की तरफ से आती दिखाई दी। जब इसे रुकने का इशारा किया गया तो गाड़ी चालक ने भगाने का प्रयास किया। इसी दौरान पुलिस टीम ने घेरकर गाड़ी को पकड़ लिया। जांच के दौरान गाड़ी से चार तलवारें और एक खुखरी मिलीं। गाड़ी सवार दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। इनकी पहचान सेक्टर 10 ए के तरुण यादव और तुषार शर्मा के रूप में की गई। दोनों आरोपी तलवारें रखने के बारे में कोई भी कागजात पेश नहीं कर पाए।

## ब्राह्मण महिला संगठन ने मनाया होली मिलन समारोह

**वाराणसी, एजेंसी।** संस्कार ब्राह्मण महिला संगठन की ओर से शनिवार को सिगरा स्थित एक होटल में होली मिलन समारोह मनाया गया। संगठन की अध्यक्ष अंशुमाला ने अतिथियों का स्वागत किया। महिला दिवस की पूर्व संध्या पर महिलाओं के जीवन पर आधारित मंचन किया गया। आरती पांडेय ने महादेवी वर्मा, निशा मिश्रा ने सावित्रीबाई फुले, पूनम ने सरोजिनी नायडू, रेखा अग्निहोत्री ने पन्ना धाय, मंगला खबूर, सुषमा शर्मा, रेखा शर्मा, पद्मावती, सुमन और कनकधारा बरुआ के जीवन पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। किरण पांडेय और चित्रा ने गीत प्रस्तुत किए।

# लखनऊ में पीएम टेसटाइल पार्क की कनेटिविटी अधर में

### पुल समय से पहले बनकर तैयार, लेकिन सड़क का पता नहीं



**लखनऊ, एजेंसी।** डबल इंजन सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट को गति देने में कुछ सरकारी विभाग पिछड़ रहे हैं। पीएम टेक्सटाइल पार्क को कनेक्ट करने वाला पुल तो समय से पहले बनकर तैयार हो गया, लेकिन उसके लिए प्रस्तावित 14 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य अब तक शुभारंभ तक नहीं हो पाया है। अगर समय से सड़क भी बनकर तैयार हो जाती तो लाखों लोगों को इसका फायदा मिलना शुरू हो गया होता।

पीएम टेक्सटाइल पार्क को लेकर केंद्र से भी लगातार समीक्षा की जा रही है। पिछले केंद्रीय बजट में भी इसके लिए सरकार ने बजट रखा था। राज्य सरकार भी लगातार यहां की गतिविधियों की निगरानी कर रही है।

पीएम टेक्सटाइल पार्क पर बनने वाले पुल का निर्माण सेतु निगम ने साई नदी पर किया है। सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय निर्माण खंड दो की टीम को करना है। 14 किमी. सड़क की टेंडर प्रकिया पूरी करने का दावा किया जा रहा है। हालांकि धारा 11 के अंतर्गत जमीन का अधिग्रहण होने की प्रकिया बाकी है। इसलिए फिलहाल तो पीएम टेक्सटाइल पार्क तक जाने के लिए पूर्व के रास्तों का ही प्रयोग करना पड़ेगा।

सड़क बनाने का प्रोजेक्ट करीब 409 करोड़ रुपये का है। इस धनराशि में मुआवजे की धनराशि भी जुड़ी है। सेतु निगम के अभियंताओं का कहना है कि दो लेन के पुल का निर्माण मार्च में पूरा होना था, लेकिन जनवरी 2026 में इसे पूरा कर लिया गया था। इसके निर्माण में कुल 40,939.74 लाख रुपये खर्च हुए हैं। यह मार्ग आउटर रिंग रोड से पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और परिधान पार्क योजना के अंतर्गत प्रस्तावित टेक्सटाइल पार्क को जोड़ने का काम करेगा। इस प्रयास से राष्ट्रीय राजमार्ग और लखनऊ शहर सीधा जुड़ जाएगा।

लखनऊ शहर से पीएम मित्र पार्क का आवागमन और सुगम हो जाएगा। इसके साथ ही पुल व लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क बनवाने के बाद तीन लाख से अधिक स्थानीय आबादी को सीधे लाभ होगा और कारखाने में काम करने वाले कर्मियों को भी। रैथा टेक्सटाइल पार्क को कनेक्ट करने के लिए पुल और सड़क दोनों बन जाने से ग्राम कोलवा बनौरा, कोलवा, खाखरा, रनियामऊ, चंवतारा, रैथा, कथवारा, पटौनार आदमपुर गांव की बड़ी आबादी को राहत मिलेगी।

**1150 किसानों की जमीन जाएगी :** चार लेन की 14.2 किमी. लंबी सड़क बनाने में 1150 किसानों की पचास हेक्टेअर जमीन जानी तय है। जमीन भले कम है, लेकिन जमीन के छोटे-छोटे टुकड़ों में साझेदार की संख्या ज्यादा है। इन किसानों को करीब 110 करोड़ रुपये मुआवजे के रूप में दिया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के मुताबिक धारा 11 की प्रकिया पूरी होने के बाद ही मौके पर काम शुरू करने की योजना है। टेंडर प्रकिया पूरी कर ली गई है। इस सड़क को बनाने में लोक निर्माण विभाग को कम से कम एक साल का समय चाहिए।

यही नहीं आउटर रिंग रोड से पीएम टेक्सटाइल पार्क आने वाले लोगों व वाहनों को कनेक्ट करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को दस करोड़ रुपये सब-वे बनाने के लिए भी दिया है। इससे पीएम टेक्सटाइल पार्क की कनेक्टिविटी बेहतर हो जाएगी।

## आरटीई के दूसरे चरण में आए एक लाख से ज्यादा आवेदन

### आज निकाली जाएगी लाटरी; ऐसे होगा चयन

**लखनऊ, एजेंसी।** प्रदेश में आरटीई के तहत निजी स्कूलों की 25 प्रतिशत सीटों पर गरीब परिवारों के बच्चों के दाखिले की प्रक्रिया जारी है। पहले चरण में करीब 2.61 लाख आवेदन आए थे, जिनमें से 96 हजार बच्चों को सीटें आवंटित की गई थीं। वहीं, दूसरे चरण के लिए अब तक 1.02 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। शनिवार को इसकी अंतिम तिथि थी। इस चरण के लिए 9 मार्च को लॉटरी निकाली जाएगी। जिन बच्चों को सीटें मिलेंगी, उन्हें निजी स्कूल 11 मार्च तक प्रवेश देंगे। जिलों की बात करें तो सबसे अधिक 5949 आवेदन लखनऊ में आए हैं। इसके बाद आगरा (4509), बुलंदशहर (4502), कानपुर नगर (3617) और बिजनौर (3228) का स्थान है। वहीं, सबसे कम आवेदन श्रावस्ती, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा और बलरामपुर में मिले हैं।

## 'बंगाल को अशांत करना चाहती तृणमूल सरकार', प्रल्हाद जोशी ने सीएम ममता पर जमकर बोला हमला

**सिलीगुड़ी, एजेंसी।** केंद्रीय उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह घुसपैठियों को आश्रय देकर राज्य को अशांत करना चाहती है ताकि सत्ता में बनी रहे। वह शनिवार को दिल्ली से सिलीगुड़ी पहुंचे। यहां वह भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल होने आए हैं। बागडोगरा हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने ममता सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना की




और कहा कि बंगाल में बदलाव का समय आ चुका है। उन्होंने कहा कि टीएमसी का मुख्य उद्देश्य राज्य को अराजकता और अशांति में रखकर अपनी सत्ता को मजबूत करना है। टीएमसी एसआइआर का विरोध इसलिए कर रही है, क्योंकि वह घुसपैठियों को संरक्षण देना चाहती है। एसआइआर पहले भी होता रहा है लेकिन अब सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में इसका बेहतर उपयोग हो रहा है। तृणमूल भयभीत है क्योंकि बंगाल में परिवर्तन की लहर चल रही है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को न तो चुनाव आयोग पर भरोसा है, न ही नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक पर। ममता भारत सरकार और लोकसभा पर भी भरोसा नहीं करती। यहां तक कि देश की सेना का भी तृणमूल समय-समय पर विरोध करती रहती है। साथ ही कहा कि टीएमसी सरकार इस्लामिक शासन व्यवस्था को बंगाल में लागू करना चाहती है। यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है।

## बदायूं के सरकारी स्कूल में बच्चों से नमाज पढ़वाने का आरोप

**बदायूं, एजेंसी।** बदायूं जिले के जूनियर हाई स्कूल रिसौली में बच्चों से सामूहिक रूप से नमाज पढ़वाने का आरोप लगा है। इसे लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को स्कूल में पहुंचकर विरोध जताया। संगठन के पदाधिकारियों ने मामले की जांच करने की मांग की। बदायूं जिले के रिसौली स्थित एक सरकारी स्कूल में बच्चों से सामूहिक रूप से नमाज पढ़वाने का मामला सामने आया है। इस पर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ता स्कूल पहुंच गए और विरोध जताया। स्कूल में हंगामे का वीडियो शनिवार रात को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। उझानी क्षेत्र के जूनियर हाई स्कूल रिसौली में सामूहिक रूप से नमाज अदा कराई गई। यह मामला बीते बृहस्पतिवार का बताया जा रहा है।

## डीएमई पर तमंचा दिखाकर कार-मोबाइल लूटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

### चोरी की कार और बाइक बरामद की



**गाजियाबाद, एजेंसी।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर चार मार्च को फरीदाबाद के स्टूडियो संचालक से तमंचे के बल पर कार-मोबाइल लूटने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के कब्जे से लूटी गई टाटा नेक्सान कार, चोरी की बाइक, पूर्व में एक महिला से लूटे गए कुंडल और तमंचा बरामद किया गया है। पुलिस का कहना कि यह गिरोह राह चलते लूट को अंजाम देता है। लूट के लिए निकलने पर यह कोई योजना नहीं बनाते। डीएमई पर हुई लूट भी ऐसे ही घटनाक्रम का नतीजा है। जब बदमाशों ने डीएमई पर कार खड़ी देखी जिसके शीशे खुले हुए थे तभी बदमाशों ने कार लूट ली। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल के मुताबिक पकड़े गए आरोपित गिरधरपुर रोड निवासी राज राजपूत, दर्शन और बिसरख निवासी अजय है। आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने चार मार्च को तड़के फरीदाबाद निवासी स्टूडियो संचालक किसलय कुमार और उसके मित्र को डीएमई पर हाईटेक कालेज के पास कार में सोता पाए जाने पर तमंचा दिखाकर लूट लिया था। बदमाश उनकी टाटा नेक्सान कार और मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। मोबाइल फोन बाद में नाले में फेंक दिया गया। इस घटना के अलावा गिरोह ने क्षेत्र में अन्य वारदातें भी की थीं।

पुलिस जांच में सामने आया कि 18 फरवरी को गुर्जरगढ़ी गांव में उपले पाथ रही महिला के कानों से कुंडल छीने गए थे। वहीं 26 फरवरी को लालकुआं क्षेत्र से एक बाइक चोरी की गई थी। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों से तीन वारदातों का खुलासा हुआ है। पकड़े गए बदमाश अभी कम उम्र के हैं लेकिन कई आपराधिक घटनाएं कर चुके हैं। 23 वर्षीय राज राजपूत मूल रूप से लुधियाना का रहने वाला है।

## नाइजीरिया में सैन्य कार्रवाई में 45 उग्रवादियों की मौत, केन्या में भारी बारिश से 23 की मौत

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी राज्य कत्सिना में सेना और उग्रवादियों के बीच हुई भीषण झड़पों में 45 उग्रवादियों के मारे जाने की खबर है। यह घटना शुक्रवार को दानमुसा क्षेत्र में हुई। राज्य के आंतरिक सुरक्षा और गृह मामलों के आयुक्त, नासिर मुआजू ने एक बयान में बताया कि यह झड़प गुरुवार को उग्रवादियों द्वारा मवेशी चोरी की कोशिश के बाद हुई। जिसमें उग्रवादियों और सेना के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें 45 उग्रवादियों को ढेर कर दिया गया। नाइजीरिया देश के उत्तरी क्षेत्रों में विभिन्न सशस्त्र समूहों से जूझ रहा है। जिनमें बोको हराम और उसके गुट, इस्लामिक स्टेट वेस्ट अफ्रीका



प्रोविंस लिंक्ड लकुरवा, और अपहरण, फिरौती और अवैध खनन में विशेषज्ञता रखने वाले अन्य डाकू समूह शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, नाइजीरिया में हजारों लोग इन संघर्षों में मारे जा चुके हैं। केन्या की राजधानी नैरोबी में रात भर हुई भारी बारिश के बाद बाढ़ से 23 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार कुछ लोग बाढ़ में डूब गए और कुछ की करंट लगने से मौत हुई। सड़कों पर पानी भरने से सैकड़ों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और यातायात ठप हो गया।राज्य के आंतरिक सुरक्षा और गृह मामलों के आयुक्त, नासिर मुआजू ने एक बयान में बताया कि यह झड़प गुरुवार को उग्रवादियों द्वारा मवेशी चोरी की कोशिश के बाद हुई। जिसमें उग्रवादियों और सेना के बीच मुठभेड़ हुई, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए राहत कार्यों के लिए सेना को तैनात किया गया है। केन्या एयरवेज ने कई उड़ानें रद्द कर दीं या उनके मार्ग बदल दिए। रेड क्रॉस की टीमें फंसे हुए लोगों को निकालने में जुटी हैं। बारिश के कारण घरों में पानी भर गया है और कई वाहन सड़कों पर पलट गए हैं।

## बालेन शाह की पार्टी आरएसपी को शुरुआती रुझानों में मिली बढ़त

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल चुनाव के शुरुआती रुझानों में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी 23 सीटों पर आगे चल रही है। नेपाली कांग्रेस और सीपीए-यूएमएल को केवल तीन-तीन सीटों पर बढ़त मिली है। पिछले साल हुए हिंसक प्रदर्शनों और राजनीतिक अस्थिरता के बाद यह पहला चुनाव है। शुक्रवार रात तक अंतिम नतीजे आने की संभावना है। साल 2025 में जेन-जी के विरोध प्रदर्शन के बाद नेपाल में पहला आम चुनाव हो चुका है। पड़ोसी देश में आज आम चुनाव के परिणाम आने वाले हैं। नेपाल में प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) के लिए हुए चुनावों के शुरुआती नतीजे आने शुरू हो गए हैं। इन रुझानों में बालेन शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने सबको चौंकाते हुए 23 सीटों पर बढ़त बना ली है। वहीं, देश की पुरानी और बड़ी पार्टियां जैसे नेपाली कांग्रेस और सीपीए-यूएमएल फिलहाल सिर्फ तीन-तीन सीटों पर ही आगे चल रही हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, वोटों की गिनती गुरुवार देर रात शुरू हुई। शुक्रवार रात तक गिनती का काम पूरा की उम्मीद है। नेपाल में गुरुवार को हुए मतदान में करीब 60 प्रतिशत वोटिंग हुई। यह चुनाव नेपाल के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। क्योंकि पिछले साल केपी शर्मा ओली की गठबंधन सरकार को हटाने के लिए युवाओं (जेन-जी) ने हिंसक विरोध प्रदर्शन किए थे। उस बड़ी राजनीतिक उथल-पुथल के बाद देश में यह पहला चुनाव है। शुरुआती रुझान संकेत दे रहे हैं कि जनता इस बार पारंपरिक पार्टियों के मुकाबले नए चेहरों पर ज्यादा भरोसा जता रही है। भारत भी अपने पड़ोसी देश नेपाल में हो रहे चुनावों के नतीजों पर करीब से नजर रख रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा नेपाल में शांति, तरक्की और स्थिरता का समर्थन किया है। भारत सरकार नेपाल की नई बनने वाली सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक है। संबंधों को और उपलब्ध कराया था।

# 'परमाणु खतरे को खत्म करना दुनिया के लिए जरूरी', नेतन्याहू ने ईरान पर क्या आरोप लगाए

**तेल अवीव, एजेंसी।** स्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि ईरान के परमाणु खतरे को खत्म करना पूरी दुनिया के लिए जरूरी है। उन्होंने दावा किया कि ईरान ने हाल के दिनों में आसपास के कई देशों को निशाना बनाया है। इसके साथ ही नेतन्याहू ने इस्राइल की सैन्य ताकत पर कई बातें कही। आइए विस्तार से जानते हैं कि क्या कुछ नेतन्याहू ने ईस्राइली जनता संबोधित किया। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ईरान के परमाणु खतरे को खत्म करना सिर्फ इस्राइल के लिए ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए जरूरी है। नेतन्याहू ने कहा कि अगर इस्राइल अपने अभियान में सफल होता है तो इससे क्षेत्र में शांति का दायरा और बढ़ेगा और कई नए देशों के साथ सहयोग के रास्ते खुलेंगे। इस्राइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि ईरान में अयातुल्ला शासन पूरी दुनिया के



लिए खतरा बन गया है। उनके अनुसार हाल के दिनों में ईरान ने अपने आसपास के 12 देशों को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा कि इन देशों की सुरक्षा को लेकर इस्राइल उनके साथ खड़ा है। नेतन्याहू का कहना है कि ईरान की नीतियां पूरे क्षेत्र में अस्थिरता पैदा कर रही हैं और इसे रोकना जरूरी है। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लेबनान से कहा है कि 2024 के युद्धविराम समझौते को लागू करना उसकी जिम्मेदारी है। एक वीडियो बयान में नेतन्याहू ने कहा कि लेबनान को हिजबुल्लाह को निरस्त्र करना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो हिजबुल्ला की कार्रवाई से लेबनान को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। नेतन्याहू ने आगे कहा कि इस्राइल अपने नागरिकों और सीमावर्ती समुदायों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। उन्होंने लेबनान से कहा कि वह अपनी किस्मत खुद तय करे। वहीं क्षेत्र में तनाव के बीच इस्राइल ने लेबनान के कई इलाकों, जिनमें राजधानी भी शामिल है, पर हमले जारी रखे हैं।

**इस्राइल की सैन्य ताकत को लेकर क्या कहा :** नेतन्याहू ने कहा कि कई देशों ने इस्राइल की सैन्य ताकत और उसकी तैयारी को करीब से देखा है। उन्होंने कहा कि इस्राइल की सेना, उसके सैनिकों की बहादुरी और देश की तकनीकी क्षमता ने दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। उनके अनुसार इस्राइल तेहरान के शासकों के खिलाफ मजबूती से खड़ा है और जरूरत पड़ने पर अपनी सुरक्षा के लिए हर कदम उठाने को तैयार है। नेतन्याहू ने दावा किया कि मौजूदा हालात में कई देश इस्राइल के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई देशों ने इस्राइल की क्षमताओं को देखते हुए उससे संपर्क किया है। उनके अनुसार कई सरकारें सुरक्षा, तकनीक और रक्षा के क्षेत्र में इस्राइल के साथ साझेदारी करना चाहती हैं।

**क्षेत्रीय हालात को लेकर क्या संकेत दिए गए :** नेतन्याहू ने कहा कि मौजूदा समय पश्चिम एशिया के लिए बेहद संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि इस्राइल क्षेत्रीय हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है। उनके अनुसार इस्राइल अपनी सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने के लिए भी सक्रिय है और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जन शिक्षण संस्थान में महिला नीति पर जागरूक कार्यक्रम आयोजित

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले की 400 ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन






**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में फिट इंडिया वूमन्स वीक की थीम के अंतर्गत जन शिक्षण संस्थान में महिला नीति पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम महिलाओं के अधिकारों और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया कार्यक्रम का संचालन जन शिक्षण संस्थान की प्राचार्य रेखा सिंह द्वारा किया गया कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन से की गई इस अवसर पर आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में कुल 9 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया प्रतियोगिता में शिवानी विश्वकर्मा ने प्रथम, संध्या सेन ने द्वितीय और श्रुति द्विवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया कार्यक्रम में उपस्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवेश मिश्रा ने कहा कि फिट इंडिया वूमन्स वीक के माध्यम से महिलाओं को उनके स्वास्थ्य और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उन्हें समाज में अपने अधिकारों के प्रति सजग और जागरूक बनाना है उन्होंने यह भी बताया कि यह कार्यक्रम 10 मार्च तक आयोजित किए जाएंगे इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर अरुणिमा पाठक ने महिला सशक्तिकरण पर संबोधित करते हुए महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया।मिश्रा ने वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि वन स्टॉप सेंटर महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण सहायता केंद्र है जो उन्हें विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान करता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सरोज खरे ने कहा कि नारी शक्ति किसी से कम नहीं है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे मां लक्ष्मी के पास धन और मां सरस्वती के पास विद्या है, वैसे ही महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं और समाज के विकास में अहम भूमिका निभा रही हैं। इस कार्यक्रम में रेखा सिंह, सुष्मिता द्विवेदी, शीतल जी सहित जन शिक्षण संस्थान के सभी स्टाफ, कार्यकर्ताएं एवं बालिकाएं उपस्थित रहीं।

## बरचर बांध में डूबा युवक, मौत; 2 दिन की सर्चिंग के बाद मिला शव



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मड़वास थाना क्षेत्र में बरचर बांध में नहाने गए 27 साल दिनेश बैगा की डूबने से मौत हो गई दो दिन तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद रविवार सुबह युवक का शव बांध में मिला। ग्राम बाडिझिरिया निवासी दिनेश बैगा पुत्र प्रेमलाल बैगा 6 मार्च की दोपहर करीब 3 बजे बरचर बांध नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूब गया काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों और ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की।

बांध के किनारे युवक के कपड़े मिले जिससे डूबने की आशंका हुई मृतक के पिता प्रेमलाल बैगा ने बताया कि उन्होंने दिनेश को दोपहर में नहाने जाते देखा था लेकिन वह वापस नहीं आया। सूचना मिलने पर मड़वास थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया टीम ने बांध में लगातार दो दिनों तक खोजबीन की रविवार सुबह करीब 9 बजे दिनेश का शव बांध के पानी में बरामद हुआ मड़वास थाना प्रभारी विवेक द्विवेदी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मड़वास अस्पताल भेजा गया है पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

## बस ने बाइक को मारी टक्कर दो घायल, भवरसेन पहाड़ पर हादसा




**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** रामपुर नैकिन क्षेत्र में एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया भवरसेन पहाड़ के पहले मोड़ पर तेज रफ्तार बस ने एक बाइक को टक्कर मार दी घटना रविवार सुबह 11 बजे की है। टक्कर के बाद बस अनियंत्रित होकर पहाड़ की ढलान की ओर बढ़ने लगी, लेकिन चालक ने समय रहते ब्रेक लगा दिया इससे बस खाई में गिरने से बच गई और उसमें सवार करीब 30 यात्रियों की जान बच गई जानकारी के मुताबिक बस रीवा से बारात लेकर छत्तीसगढ़ गई थी और वापस रीवा लौट रही थी। जब बस भवरसेन पहाड़ के पहले मोड़ के पास पहुंची, तभी तेज रफ्तार के कारण चालक बस पर नियंत्रण नहीं रख सका और सामने चल रही बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बाइक के पीछे बैठी महिला रानी सिंह को भी चोटें आईं रानी सिंह मझौली की रहने वाली हैं। घायल बाइक चालक की पहचान अभी नहीं हो पाई है क्योंकि चोट लगने के कारण वह बोलने की स्थिति में नहीं है। दोनों घायलों को इलाज के लिए रामपुर नैकिन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि बस काफी तेज रफ्तार में थी बाइक को टक्कर मारने के बाद बस मोड़ की तरफ मुड़ने के बजाय सीधे पहाड़ की ढलान की ओर बढ़ने लगी चालक ने समय रहते ब्रेक लगा दिया जिससे बस रुक गई। बताया जा रहा है कि वहां करीब 200 फीट गहरी खाई हैअगर बस थोड़ा और आगे बढ़ जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे में दो लोग घायल हो गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार घटना के करीब 15 मिनट बाद बस चालक बस को लेकर वहां से चला गया।

## रामपुर नैकिन में हाथियों की दस्तक
### 13 गांवों की बिजली बंद सतर्क रहने की अपील



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** रामपुर नैकिन क्षेत्र में हाथियों के प्रवेश के बाद ग्रामीण इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी गई है वन और बिजली विभाग ने एहतियात के तौर पर रविवार को 13 गांवों की बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद कर दी है प्रशासन ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि से बचा जा सके। बिजली विभाग रामपुर नैकिन के ऑपरेटर अजय द्विवेदी ने बताया कि हाथियों की लगातार गतिविधि को देखते हुए जुड़ा नाला से घटोखर के बीच जंगल से सटे करीब 13 गांवों की बिजली बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं इनमें मल्देवा, पड़खुरी, कुड़िया, आमडांड़, बसेड़ी, लोढ़ौटा, झांझ और घटोखर सहित आसपास के अन्य गांव शामिल हैं द्विवेदी ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और रात के समय अनावश्यक बिजली का उपयोग सीमित रखने की अपील की है ताकि हाथी या अन्य जंगली जानवर गांवों की ओर आकर्षित न हों उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि स्थिति सामान्य रहने पर बिजली आपूर्ति आंशिक रूप से या पूरी तरह बहाल की जा सकती है लेकिन हाथियों की गतिविधि बढ़ने पर इसे तुरंत बंद कर दिया जाएगा वन विभाग भी पूरे मामले पर लगातार निगरानी बनाए हुए है।

## जूरी बांध नहर निर्माण में घटिया सामग्री का आरोप ग्रामीणों ने जिला पंचायत सीईओ से की शिकायत



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** कुसमी के जूरी बांध की नहर निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगा है ग्रामीणों ने रविवार को जिला पंचायत सीईओ से इसकी शिकायत की है उनका आरोप है कि ग्राम बकियां और जूरी के पास बन रही नहर में निम्न गुणवत्ता की सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है जिसके कारण निर्माण के तुरंत बाद ही कई जगहों पर नहर टूटने लगी है।

**65 लाख की नहर योजना, गुणवत्ता पर उठे सवाल:** यह परियोजना 65 लाख रुपए से अधिक की लागत से बनाई जा रही है। इसमें बांध की मरम्मत के साथ-साथ नहर और नाली निर्माण का कार्य शामिल है इसका उद्देश्य जूरी गांव के तीन मोहल्लों और आसपास के गांवों के लगभग 200 हेक्टेयर खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचाना है हालांकि निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं ग्रामीणों के अनुसार नहर निर्माण में सीमेंट की मात्रा कम डाली जा रही है और घटिया किस्म की रेत का उपयोग हो रहा है। इसके अलावा नहर की मोटाई और गहराई भी निर्धारित मानकों से काफी कम रखी गई है इस वजह से नहर में पानी रुक नहीं पा रहा है और यह एक नाली की तरह दिखती है पानी खेतों तक न पहुंचने के कारण किसान परेशान हैं कई किसानों की गेहूं की बुवाई भी प्रभावित हुई है। ग्राम जूरी निवासी अर्जुन सिंह ने बताया कि इस निर्माण कार्य की शिकायत पहले भी कई बार की जा चुकी है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सिंह ने यह भी बताया कि यह कार्य सिंचाई विभाग की नहर का है, लेकिन इसका निर्माण ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) के माध्यम से कराया जा रहा है ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया गया है जिससे कार्य की लागत निर्माण एजेंसी और समय सीमा की जानकारी उपलब्ध नहीं है।

## सीधी में विश्वविद्यालय स्थापना की मांग को लेकर संगोष्ठी संपन्न



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** उत्कृष्ट विद्यालय के ग्राउंड में विश्वविद्यालय स्थापना हेतु संगोष्ठी संपन्न हुई।मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने विश्वविद्यालय से संबंधित विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का महत्त्व विश्वविद्यालय में अध्ययन करने के बाद पता चलता है,विवि होने से शिक्षा,सुविधाएं और जिले के विकास की गति अत्यधिक बढ़ जाती है। विशिष्ट वक्ता उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक शिव प्रसाद जैसवाल ने कहा कि सीधी सिंगरौली और व्यहारी इतने बड़े क्षेत्र में विश्वविद्यालय का ना होने से न जाने कितने पूर्व छात्रों का नुकसान हुआ है और हो रहा है। छात्र संगठन का नेतृत्व कर रहे शोध छात्र इंद्रलाल पटेल ने अपने वक्तव्य में सरकार से विश्वविद्यालय स्थापना का अनुरोध किया है। छात्र छात्राओं ने संगोष्ठी के दौरान गीत,गाने एवं एवं वक्तव्य के माध्यम से सीधी जिले में विश्वविद्यालय स्थापना का प्रार्थना किया है।

## शादी का दबाव बनाने पर प्रेमी की हत्या प्रेमिका ने परिवार के साथ मिलकर रची साजिश, करंट के झटके दिए; कुल्हाड़ी से काटा पैर



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** बरगवां थाना क्षेत्र के ग्राम पोखरा में हुई युवक की हत्या के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है प्रेम प्रसंग के चलते हुए इस विवाद में प्रेमिका ने अपने ही परिवार के साथ मिलकर युवक की नृशंस हत्या की योजना बनाई थी। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी प्रेमिका सहित कुल चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**खेत में लहूलुहान हालत में मिला था युवक:** घटना 28 फरवरी की सुबह उस समय सामने आई जब ग्रामीणों ने परमआनंद बैस के खेत में एक युवक को लहूलुहान हालत में देखा युवक का बायां पैर कटा हुआ था और शरीर पर बिजली के करंट व लाठियों के गहरे निशान थे घायल की पहचान आजादपुर निवासी संदीप यादव (20) के रूप में हुई इलाज के दौरान जबलपुर ले जाते समय संदीप ने दम तोड़ दिया जिसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

**प्रेम संबंध और शादी का दबाव बनी वजह:** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में एफएसएल और डॉग स्क्वाड की मदद से की गई जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए संदीप का ग्राम पोखरा की पूजा पनिका से प्रेम संबंध था हाल ही में पूजा का विवाह कहीं और तय हो गया था लेकिन संदीप लगातार उस पर शादी करने का दबाव बना रहा था संदीप के बार-बार टोकने से परेशान होकर पूजा ने अपने परिजनों को यह बात बताई जिसके बाद उसे रास्ते से हटाने की साजिश रची गई

**करंट के झटके दिए, कुल्हाड़ी से पैर काटा:** पुलिस जांच के अनुसार, 27 फरवरी की रात पूजा ने साजिश के तहत संदीप को अपने घर बुलाया वहां पहले से मौजूद पूजा की मां मुन्नी देवी, भाई मेला सागर और चाचा भोलानाथ ने संदीप को दबोच लिया आरोपियों ने पहले उसे बिजली के करंट के झटके दिए फिर लाठियों से बेरहमी से पीटा। क्रूरता की हदें पार करते हुए आरोपियों ने कुल्हाड़ी से उसका पैर काट दिया और उसे मरा हुआ समझकर पास के खेत में फेंक दिया घायल युवक से कुछ दूरी पर एक मृत हिरण भी बरामद हुआ था।

## रंगपंचमी का कार्यक्रम पलाश के फूलों से हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** पूज्यपाद संत आशाराम बापू जी के मार्गदर्शन में संचालित योग वेदान्त सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश आहूजा द्वारा रंगपंचमी का एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया यह कार्यक्रम 8 मार्च 2026 रविवार को सुबह 10 बजे सत्संग भवन, सिंधी धर्मशाला, शास्त्री नगर, अमहिया में बड़े धूमधाम से सम्पन्न हुआ इस अवसर पर पलाश के फूलों से होली खेलकर एक अद्भुत दृश्य का निर्माण किया गया जो उपस्थित सभी भक्तों के लिए यादगार बन गया। कैलाश आहूजा ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस कार्यक्रम में साधक भाई कमलेश सचदेव, बंशीधर वाधवानी, श्रीचन्द कटवानी, राम नारवानी, अशोक सराफ, महेश साहू और अन्य समाज के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन कियारा द्वारा किया गया जिन्होंने आयोजन की व्यवस्था को अत्यंत सजीव और व्यवस्थित रूप से प्रस्तुत किया। महिला समिति की अध्यक्ष मधु शिवनानी, काशी खिलवानी, दिशा लालवानी, भावना, वंशिका तुलसानी, अल्का सचदेव और अन्य महिला सदस्योंने भी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया और आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया इस अवसर पर समाज के कई प्रमुख लोग और साधक भाई-बहन भी उपस्थित थे जिन्होंने एकजुट होकर इस पर्व का आनंद लिया और विभिन्न रंगों में रंगकर भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया।

### हिन्दू धर्म परिषद की लठ्ठमार होली विन्ध्य में अनूठा आयोजन

# हिन्दू धर्म परिषद द्वारा स्थानीय सॉई मंदिर में लठ्ठमार होली आयोजित





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** हिन्दू धर्म परिषद द्वारा स्थानीय सॉई मंदिर में आयोजित लठ्ठमार होली विन्ध्य का आयोजन एक अनूठी परम्परा के रूप में नगरवासियों के लिए खुशियाँ लेकर आया इस आयोजन ने ब्रज की होली परंपरा को रीवा में पुनः जीवित किया और लोगों को एक साथ आनंद मनाने का मौका दिया। मुख्य अतिथि, संजय गांधी अस्पताल के पूर्व संचालक डॉ. सी.बी. शुक्ला ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं उन्होंने इस आयोजन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि हिन्दू धर्म परिषद का यह प्रयास अनुकरणीय है परिषद के मार्गदर्शक डी.पी. सिंह परिहार ने कहा कि आने वाले वर्षों में इस आयोजन को वृहद स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोग शामिल होंगे विशिष्ट अतिथि के रूप में मानस मण्डल के उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, रेवाशंकर अवस्थी एडवोकेट, पत्रकार मुकुन्द प्रसाद मिश्रा, पूर्व प्राचार्य राजेन्द्र सिंह, प्रदीप गौतम , पियूषेन्द्र त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हिन्दू धर्म परिषद के अध्यक्ष रिशि शंकर मिश्रा पटिया वाले ने स्वागत उदबोधन दिया कार्यक्रम प्रभारी संजय तिवारी मुन्ने ने आभार प्रदर्शन किया मंच संचालन रिदम ग्रुप के उपाध्यक्ष अवनीश शर्मा ने किया जिन्होंने अपने रोचक अंदाज में श्रोताओं को हंसी और खुशी का आनंद दिया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत संरक्षक अवधेश श्रीवास्तव, इंजीनियर राजेश श्रीवास्तव, संयोजक सुमित मॉंजवानी, महिला कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सरोज सोनी और अन्य ने किया कार्यक्रम का सफल आयोजन सॉई परिवार के मार्गदर्शन में हुआ जहां कार्यक्रम संयोजक नारायण डिगवानी ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बाइक के नीचे दबा मिला युवक का शव, मर्डर की आशंका; एक महीने पहले हुई थी शादी



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सरई क्षेत्र में रविवार को एक युवक का शव संदिग्ध हालत में मोटरसाइकिल के नीचे दबा मिला। घटना की खबर मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई मृतक की पहचान खनतरा थाना मझौली निवासी अजय कुमार बैस के रूप में हुई है। पुलिस ने प्रथम दृष्टया मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच तेज कर दी है के अनुसार अजय कुमार बैस अपनी मोटरसाइकिल से ससुराल जाने के लिए घर से निकला था। सरई क्षेत्र में सड़क किनारे उसका शव मोटरसाइकिल के नीचे दबा हुआ मिला स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद सरई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की मौके की स्थिति को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि युवक के सिर को पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या की गई है मोटरसाइकिल में किसी तरह की टूट-फूट नहीं मिली जिससे सड़क दुर्घटना की संभावना कम लग रही है वहीं शव के पास से प्लास्टिक के ग्लव्स भी बरामद हुए हैं जिससे मामला और संदिग्ध हो गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने डॉग स्क्वॉड और वरिष्ठ अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया आसपास के इलाके में पूछताछ की जा रही है और संदिग्ध लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। बताया जा रहा है कि अजय कुमार बैस की शादी करीब एक माह पहले ही हुई थी वह अपनी ससुराल जा रहा था तभी रास्ते में यह घटना हो गई घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। सरई थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह भदोरिया ने बताया कि युवक का शव मोटरसाइकिल के नीचे दबा हुआ मिला है मामला संदिग्ध लग रहा है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

# फैसला ही वर्षों तक न आए, अदालतों में न्याय की धीमी रफ्तार पर सुप्रीम कोर्ट की चिंता

संपादकीय

अगर किसी नागरिक को न्याय पाने के लिए वर्षों तक इंतजार करना पड़े, तो आखिर उसका क्या महत्त्व रह जाता है! माना जाता है कि समय पर न्याय न मिलना अन्याय के समान होता है। मगर इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि देश में बड़ी संख्या में लोगों को इस तरह के संकट का सामना करना पड़ता है। न्याय में देरी के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें लंबित मामलों का बोझ, न्यायाधीशों की कमी और जटिल न्यायिक प्रक्रिया भी शामिल है। मगर, जब अदालती कार्यवाही पूरी होने के बाद भी वर्षों तक न्याय के लिए प्रतीक्षा करनी पड़े, तो उसे किस रूप में देखा जाएगा।

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में ऐसे ही तीन आपराधिक मामले इलाहाबाद उच्च न्यायालय से अपने पास स्थानांतरित किए हैं। इन मामलों में उच्च न्यायालय ने छह वर्ष पहले फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिन पर अब तक निर्णय नहीं सुनाया गया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि न्याय में हो रही असाधारण देरी से पीड़ित पक्ष के त्वरित न्याय के अधिकार पर सीधा असर पड़ रहा है।

किसी भी नागरिक को न्यायपालिका पर पूरा भरोसा होता है कि उसे न्याय अवश्य मिलेगा। मगर न्याय में देरी पीड़ितों को न केवल आर्थिक, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से भी नुकसान पहुंचाती है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने फैसले में माना है कि समय पर न्याय न मिलना कानून के शासन के लिए नुकसानदेह हो सकता है। यह सच है कि देश में लंबित मुकदमों का बोझ भी समय पर न्याय न मिलने का एक बड़ा कारण है। राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर 2025 तक देश भर की अदालतों में पांच करोड़ से अधिक मुकदमे लंबित हैं। माना जाता है कि न्यायाधीशों की कमी और लंबी एवं जटिल न्यायिक प्रक्रिया की वजह से भी मामलों की सुनवाई में देरी होती है। ऐसे में सरकार और न्यायपालिका को मिलकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मुकदमों की बढ़ती संख्या के लिहाज से न्यायाधीशों की कमी को दूर किया जाए, न्यायिक प्रक्रिया को सुलभ एवं सरल बनाया जाए और अदालती कार्यवाही पूरी होने पर न्याय में किसी तरह की देरी न हो, ताकि न्यायपालिका पर आम लोगों का भरोसा कायम रहे।

## विश्व युद्ध की आहट और मानवता के सामने खड़ा विनाश का संकट

**कांतिलाल मांडोत**

दुनिया आज एक ऐसे दौर से गुजर रही है जहां शक्ति प्रदर्शन और प्रतिशोध की राजनीति मानवता के भविष्य पर भारी पड़ती दिखाई दे रही है। पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता सैन्य टकराव केवल दो देशों का संघर्ष नहीं रहा बल्कि यह पूरे विश्व के लिए चिंता का विषय बन गया है। जिस तरह से एक के बाद एक मिसाइल हमले ड्रोन हमले और बमबारी हो रही है उससे यह आशंका गहराने लगी है कि कहीं यह संघर्ष व्यापक युद्ध का रूप न ले ले। युद्ध का इतिहास हमेशा यही बताता है कि इसकी आग में केवल सैनिक ही नहीं बल्कि आम नागरिक भी झुलसते हैं और सभ्यता को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

हाल के दिनों में समुद्र और आसमान दोनों ही युद्ध के मैदान बन गए हैं। ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ती सैन्य कार्रवाई ने पूरे क्षेत्र को अस्थिर बना दिया है। युद्धपोतों पर हमले तेल टैंकरों को निशाना बनाना और बड़े शहरों पर बमबारी यह संकेत देते हैं कि स्थिति लगातार खतरनाक होती जा रही है। इन हमलों में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो रही है और हजारों लोग घायल हो चुके हैं। सबसे दुखद पहलू यह है कि इन संघर्षों में मरने वाले अधिकांश लोग वे होते हैं जिनका युद्ध से कोई सीधा संबंध नहीं होता। वे केवल आम नागरिक होते हैं जो शांति से अपना जीवन जीना चाहते हैं।

युद्ध केवल मानव जीवन को ही नहीं बल्कि आर्थिक और सामाजिक संरचना को भी गहरे स्तर पर प्रभावित करता है। जब बड़े देश युद्ध में उलझते हैं तो उसका असर पूरी दुनिया पर पड़ता है। व्यापार रुक जाता है तेल और ऊर्जा की कीमतें बढ़ जाती हैं और वैश्विक बाजार अस्थिर हो जाते हैं। वर्तमान संघर्ष में भी यही स्थिति देखने को मिल रही है। फारस की खाड़ी और मध्य पूर्व का क्षेत्र दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा स्रोतों में से एक है। यदि यहां युद्ध लंबा चलता है तो तेल की आपूर्ति प्रभावित होगी और इसका सीधा असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

भारत जैसे देश के लिए यह स्थिति विशेष चिंता का विषय है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से आयात करता है। यदि युद्ध के कारण तेल की कीमतें बढ़ती हैं या आपूर्ति बाधित होती है तो इसका असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ेंगी जिससे परिवहन महंगा होगा और इसका प्रभाव आम जनता की रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ेगा। महंगाई बढ़ने की संभावना भी बढ़ जाएगी और विकास की गति प्रभावित हो सकती है।

इसके अलावा मध्य पूर्व के देशों में लाखों भारतीय काम करते हैं। ये लोग वहां से अपने परिवारों के लिए पैसा भेजते हैं जो भारत की अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण है। यदि युद्ध की स्थिति गंभीर हो जाती है तो इन भारतीयों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। कई बार ऐसे हालात में लोगों को अपने काम छोड़कर वापस लौटना पड़ता है जिससे उनके परिवारों पर आर्थिक संकट आ सकता है। इसलिए भारत के लिए यह जरूरी है कि वह अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे और कूटनीतिक प्रयासों के जरिए शांति की दिशा में योगदान दे।

युद्ध का एक और गंभीर प्रभाव पर्यावरण पर पड़ता है। जब तेल टैंकरों पर हमले होते हैं या समुद्र में तेल का रिसाव होता है तो समुद्री जीवन को भारी नुकसान पहुंचता है। समुद्र में रहने वाले जीवों की बड़ी संख्या नष्ट हो जाती है और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को गहरा आघात पहुंचता है। इसके अलावा बमबारी और मिसाइल हमलों से शहरों का बुनियादी ढांचा नष्ट हो जाता है। अस्पताल स्कूल सड़कें और घर तबाह हो जाते हैं। इन सबको दोबारा बनाने में वर्षों लग जाते हैं।

इतिहास गवाह है कि युद्ध कभी भी स्थायी समाधान नहीं देता। पहले और दूसरे विश्व युद्ध ने पूरी मानवता को विनाश का भयावह अनुभव कराया था। करोड़ों लोग मारे गए और कई देशों की अर्थव्यवस्था बर्बाद हो गई। उसके बाद ही दुनिया ने शांति और सहयोग के महत्व को समझा और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का गठन किया गया ताकि ऐसे संघर्षों को रोका जा सके। लेकिन आज भी जब बड़े देश शक्ति प्रदर्शन में लगे रहते हैं तो ऐसा लगता है कि इतिहास से सबक पूरी तरह नहीं लिया गया है।

**नीतीश कुमार ने अब राज्यसभा का पर्चा भर कर वानप्रस्थ गमन का रास्ता चुन लिया है। पिछले करीब 20 सालों से बिहार की राजनीति के केंद्र में नीतीश कुमार का दबदबा रहा है। सरकारें बदलीं, गठबंधन बदले, चुनाव आए–गए, लेकिन एक छोटी सी अवधि को छोड़ दिया जाए तो मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नीतीश कुमार ही बने रहे। 2005 से बिहार की राजनीति को दिशा देने वाले इस नेता ने अब राज्यसभा जाने की तैयारी कर ली है, और इसके साथ ही सूबे की सियासत में एक बड़ा बदलाव शुरू होने वाला लगता है।**

## राज्यसभा के रास्ते नीतीश कुमार का वानप्रस्थ गमन!

**मनोज कुमार अग्रवाल**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा राज्यसभा का नामांकन भरने से यह बात स्पष्ट हो गयी है कि बिहार की राजनीति से एक युग का अब अवसान होने जा रहा है। बिहार की राजनीति में पिछले दो दशकों से यदि किसी एक नेता का सबसे अधिक प्रभाव रहा है, तो वह नाम है नीतीश कुमार। वर्ष 2005 से लेकर अब तक बिहार की सत्ता का केंद्र लगभग लगातार उनके इर्द-गिर्द ही घूमता रहा है। अलग-अलग गठबंधनों, बदलते राजनीतिक समीकरणों और कई चुनावी उतार-चढ़ावों के बावजूद उन्होंने मुख्यमंत्री पद पर अपनी पकड़ बनाए रखी। ऐसे में नीतीश के द्वारा मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने का ऐलान बिहार की राजनीति में एक बड़ा बदलाव के रुप में देखा जा रहा है। अगर देखा जाए लगभग साढ़े तीन दशकों तक बिहार की राजनीति दो नामों के इर्द-गिर्द भूमती रही, ये दो नाम हैं लालू प्रसाद यादव और नीतीश। इन दोनों नेताओं ने न केवल बिहार की सत्ता को आकार दिया, बल्कि राज्य की सामाजिक, राजनीतिक और प्रशासनिक दिशा भी तय की। अब जब दोनों ही नेता सक्रिय राजनीति से दूर हो रहे हैं, तब बिहार एक नए दौर के मुहाने पर खड़ा दिखाई दे रहा है। 1990 के दशक में जब लालू प्रसाद यादव सत्ता में आए, तब बिहार की राजनीति में एक नई सामाजिक चेतना का उदय हुआ। लालू ने सामाजिक न्याय को केवल एक राजनीतिक नारा नहीं रहने दिया, बल्कि इसे एक आंदोलन का रूप दिया। पिछड़े वर्गों, दलितों और वंचित समुदायों की राजनीतिक भागीदारी को उन्होंने केंद्र में रखा। लंबे समय से सत्ता के गलियारों से दूर रहे वर्गों को उन्होंने राजनीतिक पहचान और आवाज दी। सत्ता की भाषा बदली, राजनीतिक चेहरे बदले और शासन के केंद्र में सामाजिक प्रतिनिधित्व की नई धारा दिखाई देने लगी। इसमें कोई दोमत नहीं है कि जेपी आंदोलन से निकले नेताओं की एक पूरी पीढ़ी ने पिछले तीन दशकों तक बिहार की राजनीति को दिशा दी। इस पीढ़ी में पुरानी पीड़ी के पीछे हटने का अर्थ है कि बिहार की राजनीति में नई पीढ़ी के नेताओं को अवसर मिलेगा। इन सबके बीच अगर बात नीतीश की की जाए तो, बिहार की राजनीति में उनकी भूमिका केवल एक मुख्यमंत्री की नहीं रही है, बल्कि वे लंबे समय तक राज्य की राजनीति के सर्वमान्य नेता रहे हैं। विभिन्न राजनीतिक विचारधाराओं के लोग भी उन्हें स्वीकार करते रहे हैं। गठबंधन की राजनीति में कई बार वैचारिक मतभेद होने के बावजूद उन्होंने गठबंधन धर्म निभाया और राजनीतिक संतुलन बनाए रखा। उनकी खास पहचान उनकी सामाजिक योजनाओं और प्रशासनिक छवि से बनी। खास तौर पर महिलाओं के बीच उनकी पकड़ काफी मजबूत रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में भी महिलाओं का समर्थन एनडीए की जीत का एक बड़ा कारण माना गया था। इसी कारण जब तक वह बिहार की राजनीति में सक्रिय थे, तब तक विपक्षी दलों के लिए उन्हें सीधे चुनौती देना आसान नहीं था। हालांकि, इसी दौर में बिहार की छवि पर कई सवाल भी उठे। कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर आलोचना हुई और जंगलराज जैसे शब्द राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बन गए। विकास की रफ्तार धीमी पड़ने और उद्योगों के बंद होने से बिहार की अर्थव्यवस्था कमजोर होती गई। राज्य से बड़े पैमाने पर पलायन शुरू हुआ और बिहार प्रवासी मजदूरों के प्रदेश के रूप में पहचाना जाने लगा। चीनी मिलों, जूट फैक्ट्रियों और कई छोटे उद्योगों के बंद होने से रोजगार के अवसर घटते गए। इस दौर में बिहार की पहचान सामाजिक न्याय की राजनीति के साथ-साथ पिछड़ेपन और आर्थिक संकट से भी जुड़ने लगी। साल 2005 में बिहार की राजनीति ने एक बड़ा मोड़ लिया जब नीतीश कुमार सत्ता में आए। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं था, बल्कि राजनीतिक प्राथमिकताओं में बदलाव की शुरुआत भी थी। नीतीश कुमार ने सामाजिक न्याय की राजनीति को विकास और प्रशासनिक सुधारों के साथ जोड़ने की कोशिश की। उन्होंने बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी और बिहार में सड़कों तथा पुलों का व्यापक जाल बिछाया। राज्य के दूरदराज इलाकों को राजधानी पटना से बेहतर तरीके से जोड़ने का प्रयास किया गया। एक समय ऐसा था जब बिहार के कई जिलों से पटना पहुंचने में पूरा दिन लग जाता था, लेकिन सड़क नेटवर्क के विस्तार के बाद यात्रा का समय काफी कम हो गया। यह बदलाव केवल भौतिक संरचना का नहीं था, बल्कि राज्य की मानसिकत्ता और विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम था। नीतीश कुमार ने शासन को अधिक प्रशासनिक रूप देने की कोशिश की और कानून-व्यवस्था को राजनीतिक विमर्श के केंद्र में लाया। उनकी सरकार द्वारा शुरू की गई कई योजनाओं ने समाज पर गहरा प्रभाव डाला। छात्राओं के लिए साइकिल योजना ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया बदलाव लाया। पंचायतों में महिलाओं को आरक्षण देने से स्थानीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी। छात्रवृत्ति और प्रोत्साहन योजनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा दिया। इन कदमों ने बिहार की सामाजिक संरचना को धीरे-धीरे बदलने में भूमिका निभाई। नीतीश कुमार की छवि सुशासन बाबू के रूप में स्थापित हुई। उन्होंने प्रशासनिक सुधार, कानून-व्यवस्था और बुनियादी विकास को अपनी राजनीति का आधार बनाया। उनके शासनकाल में बिहार की छवि धीरे-धीरे बदलने लगी। रष्ट्रीय स्तर पर भी बिहार को विकास के नए प्रयासों के संदर्भ में चर्चा मिलने लगी। विहार के विकास में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जायेगा। बिहार में सड़कों, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में जो बदलाव हुए, उससे राज्य में परिवर्तन आया। मगर भूलना नहीं चाहिए कि राजनीति में बदलाव हमेशा अनिश्चितता लेकर आता है। नीतीश के संभावित फैसले से भी बिहार की राजनीति में कई नए सवाल खड़े हो रहे हैं। क्या जदयू अपनी पुरानी ताकत बनाए रख पाएगी? क्या भाजपा बिहार में अपना मुख्यमंत्री चनाएगी ? क्या नई पीढ़ी के नेताओं को मौका मिलेगा ? और सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या नीतीश कुमार राष्ट्रीय राजनीति में नई भूमिका निभाएंगे ? इन सभी सवालों के जवाब आने वाले समय में ही मिलेंगे। लेकिन इतना तय है कि कुमार का यह फैसला केवल एक व्यक्ति के पद परिवर्तन की कहानी नहीं है। यह बिहार की राजनीति के एक लंबे अध्याय के समापन और एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत है।

आपको बता दें नीतीश का राज्यसभा जाना सिर्फ पद का बदलाव नहीं है; यह करीब 5 दशक लंबी राजनीतिक यात्रा का एक नया अध्याय भी हो सकता है। हाल ही में नीतीश कुमार ने खुद कहा है कि अपनी लंबी राजनीतिक जिंदगी में वे बिहार विधानसभा के सदस्य, विधान परिषद के सदस्य और लोकसभा के सांसद रह चुके हैं। अब वे राज्यसभा में भी सेवा देना चाहते हैं। और उसके बाद अगर उन्हें केंद्र सरकार में कोई भूमिका मिली, तो बिहार की राजनीति का यह बड़ा चेहरा फिर से राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते दिख सकता है। राजनीति में समय के साथ भूमिकाएं बदलती रहती हैं, लेकिन कुछ नेता ऐसे होते हैं जिनकी छाया लंबे समय तक बनी रहती है। नीतीश भी ऐसे ही नेताआ में गिने जाते हैं। मुख्यमंत्री के रूप में उनकी भूमिका चाहे समाप्त हो जाए, लेकिन बिहार और राष्ट्रीय राजनीति में उनकी मौजूदगी आगे भी चर्चा और प्रभाव का विषय बनी रहेगी। चूंकि अब यह एक राजनीति की नई पारी की शुरूआत करने जा रहे हैं, ऐसे में लंबे समय से केंद्र की राजनीति में प्रभाव रखने वाले कुमार के लिए राज्यसभा एक ऐसा मंच हो सकता है जहां से वे राष्ट्रीय मुद्दों पर अपनी भूमिका जारी रख सकें। 2020 के बाद एनडीए में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बन गई थी। सीटों की संख्या साफ दिखा रही थी कि भाजपा के पास ज्यादा विधायक हैं, फिर भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही रहे। आखिर ऐसा क्यों? इसके 2 मुख्य कारण अक्सर बताए जाते हैं। पहला कारण उनकी सामाजिक आधार है। बिहार में नीतीश कुमार ने अति पिछड़े वर्गों और महिला मतदाताओं से बहुत मजबूत जुड़ाव बनाया है। शराबबंदी जैसी नीतियां और महिलाओं के लिए कल्याण योजनाओं ने उन्हें एक भरोसेमंद और विश्वसनीय नेता की छवि दी है।75 साल की उम्र में स्वास्थ्य कारणों से नीतीश कुमार अब कम मेहनत वाला रोल चुनना चाहते हैं। ऐसे में राज्यसभा उनके लिए एक सम्मानजनक और महत्वपूर्ण मंच हो सकता है। लेकिन बात यहां सिर्फ पद बदलने की नहीं है। यह पार्टी के भविष्य को सुरक्षित करने की कोशिश भी हो सकती है। चर्चा है कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार जल्द ही सक्रिय राजनीति में आ सकते हैं और उन्हें राज्य सरकार में कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जा सकती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं पिछले 38 वर्ष से लेखन और पत्रकारिता से जुड़े हैं)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## कहां से पैदा हो रही है यह खूनी नफरत की मानसिकता

**यह कौन सा असहिष्णुता अराजकता और वहशियत भरी सोच का नतीजा है जो रंग की दो छींट पड़ जाने पर उस होनहार नवयुवक के खून से होली खेलते हैं जिसका कोई कुसूर भी नही था जिसने कोई रंग भी नही डाला था जो दिन में घटित छोटी सी नोंकझोंक से अनजान था और होली की शाम अपने घर लौट रहा था लेकिन नफरती पडोसियों ने उस का निरीह कत्ल कर दिया। आपको बता दें कि जब 4 मार्च पूरा देश होली के रंगों में डूबा हुआ था, वहीं भारत की राजधानी दिल्ली खूनी होली में डूबी हुई थी। दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में होली के मौके पर हुए एक छोटे से झगड़े ने हिंसक रूप ले लिया।**

**मनोज कुमार अग्रवाल**

जानकारी के मुताबिक, होली के दौरान 10 साल के बच्चे के गुब्बारा फेंकने को लेकर दो समुदाय में बहस हो गई। देखते ही देखते यह झगड़ा हिंसा तक पहुंच गया और मुस्लिम समुदाय के 10 से 15 लोगों ने एक हिंदू घर को निशाना बनाया और उनके बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी। आपको बता दें कि उत्तम नगर में बुधवार की रात होली खेल रही 11 साल की बच्ची को नहीं मालूम था कि वह अपने परिवार के सदस्य पर जो पानी का गुब्बारा फेंक रही है, उसके छींटे किसी को इतने नागवार गुजरेंगे कि वह इलाके में सांप्रदायिक तनाव का कारण बन जाएंगे। उसे नहीं पता था कि वह गुब्बारा उसके परिवार के लिए तेजाब की तरह साबित होगा, जिसकी चपेट में उसका पूरा परिवार आ जाएगा। उसे यह भी नहीं मालूम था कि उस गुब्बारे से निकले पानी की वजह से परिवार ना केवल एक अनचाहे विवाद में पड़ जाएगा, बल्कि उसके परिवार के 26 साल के युवक तरुण की जान भी चली जाएगी। हम बात कर रहे हैं, शहर के उत्तम नगर की जेजे कॉलोनी में होली की रात हुए एक ऐसे विवाद की, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है।विवाद की शुरुआत एक महिला पर रंग वाले पानी के छींटे लगने से हुई।

उस लड़की ने अपने घर के नीचे खड़े अपने रिश्तेदारों पर एक पानी का गुब्बारा फेंका था, जो सड़क पर जा गिरा और फट गया, जिसके बाद रंगीन पानी के कुछ छींटे पड़ोस में रहने वाले दूसरे समुदाय की एक महिला को जा लगे। जिसके बाद हुए विवाद में हिंदू परिवार के युवक की जान चली गई। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया, साथ ही एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया। जबकि घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। साथ ही व्याप्त तनाव को देखते हुए पुलिस कोई कोताही नहीं बरत रही है और अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात करते हुए इलाके में कड़ी सुरक्षा की गई है।दरअसल गुब्बारे में भरे पानी के छींटे लगने के बाद पड़ोस में रहने वाली वह महिला ना केवल भड़क गई, बल्कि उसने गंदी-गंदी गालियां देकर विवाद करना शुरू कर दिया। इसी दौरान उसने अपने परिजनों व अपने समुदाय के अन्य लोगों को बुला लिया और होली खेल रहे परिवार पर हमला किया। इस दौरान आरोपियों ने वहां मारपीट करते हुए जमकर तोड़फोड़ भी की। पीड़ित परिवार ने जैसे-तैसे अपने आप को घर के अंदर बंद करते हुए उनसे बचाया। इस झगड़े के दौरान परिवार का सदस्य तरुण अपने दोस्त के घर गया हुआ था और वो इस झगड़े से बेखबर था।

होली खेलने निकला तरुण रात करीब 10.30 बजे अपने दोस्त के घर से वापस लौट रहा था, इसी दौरान रास्ते में करीब 8 से 10 आरोपियों ने उसे घेर लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों ने लाठी, पत्थर और लोहे की रॉड से तरुण को बेरहमी से पीटा। जब वह बेसुध हो गया तो आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजनों को झगड़े का पता चला तो वह मौके पर पहुंचे और उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वारदात की सूचना मिलते ही उत्तम नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

तरुण की मौत की खबर आते ही फैल गया इलाके में तनाव

तरुण की मौत की खबर जैसे ही पता चली तो उसके दोस्त, परिचित और इलाके में रहने वाले अन्य लोग बुरी तरह भड़क गए और उन्होंने आरोपियों के घर के बाहर तोड़फोड़ शुरू कर दी। इसी दौरान शुक्रवार को भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच कुछ लोगों ने एक कार और एक मोटरसाइकिल को आग लगा दी। जिसके बाद दमकल की गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया, जिन्होंने आग पर तुरंत काबू पा लिया। इसी बीच कुछ प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर आरोपी परिवार के घर पर हमला करने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस कर्मियों ने हस्तक्षेप करते हुए स्थिति और बिगड़ने से पहले भीड़ को तितर-बितर कर दिया।

उधर बेटे तरुण की मौत के बाद पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। परिवार की एक महिला ने न्याय की मांग करते हुए कहा कि घटना के सभी आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। वहीं परिवार के कुछ सदस्यों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर सड़कों को जाम करने की चेतावनी भी दे दी। मामला तब और गंभीर होने लगा जब मामले में हिंदूवादी संगठन के सदस्यों की भी एंट्री हो गई। एक हिंदू राजनीतिक संगठन के सदस्य भी थाने पहुंचे और विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए, नारे लगाए और घटना में शामिल सभी लोगों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।हालांकि शुक्रवार को पुलिस ने बताया कि इस वारदात के संबंध में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है और एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है, जबकि घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के प्रयास जारी हैं। अधिकारी ने कहा कि इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियात के तौर पर अतिरिक्त बल तैनात किए गए। हाल ही में ऐसे कई वारदातों की झड़ी लगी है जिसमें हिन्दू युवकों किशोरों व्यापारियों को मजहबी नफरती हत्यारों ने कत्ल कर अपनी बर्बरता का हवाला दिया है। अभी बीस दिन पहले ईस्ट दिल्ली के मयूर विहार के आगे त्रिलोकपुरी में 42 साल के वीर सिंह की बेरहमी से हत्या कर दी गई जानकारी के मुताबिक, यासीन और यामीन नाम के शख्स ने वीर सिंह की ही दुकान में चाकू मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। गोकुलपुरी में हिमांशु सीलमपुर में नाबालिग कुणाल हरिनगर में हरीश का भी इसी तरह मुसलिम हत्यारों ने कत्ल किया है। एक के बाद एक दिल्ली में घटित हो रही ये वारदात सामान्य अपराध नहीं है इन सब के पीछे कुछ नफरती लोगों द्वारा मजहब के नाम पर वहाटसएप और मजहबी तकरीरों के जरिए पैदा किया जा रहा नफरती जहर काम कर रहा है।

हाल की वारदात का दक्षिणी दिल्ली का यह इलाका पाकिस्तान या बांग्लादेश का नही है लेकिन दो अलग अलग धर्म मजहब के परिवार के बीच इस तरह का खूनी संघर्ष समाज में बढ़ती असहिष्णुता और वहशियत भरी बर्बरता को उजागर करता है आखिर ये कौन सी मानसिकता है जो लोगों के बीच नफरत बो रही है? क्या पानी या रंग की दो बूंद पड़ जाने से किसी का मजहब अपमानित हो सकता है? क्या जाने अनजाने में ऐसा कोई बर्ताव किसी का कत्ल करने की सोच पैदा कर सकता है? क्या यह एक दर गुजर करने लायक बात नही थी? क्या ऐसे खून खराबा करने वाले लोगों में कानून का तनिक भी खौफ है?नयी दिल्ली की कानून व्यवस्था केंद्र सरकार के नियंत्रण में है सरकार गृहमंत्रालय को इन तमाम वारदातों का उच्च स्तरीय न्यायिक जांच समिति से विश्लेषण समीक्षा जांच करानी चाहिए ताकि नफरत का जहर बो रहे असामाजिक असहिष्णु कट्टरपंथी तत्वों को पहचान कर समुचित कार्यवाही की जाए और समाज को नफरती हिंसा से बचाया जा सके। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं पिछले 38 वर्ष से लेखन और पत्रकारिता से जुड़े हैं) (यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

### नारी शक्ति के सम्मान के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

# मनेंद्रगढ़ में गरिमामय माहौल में हुआ आयोजन, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित





**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी ( निप्र )।** महिला एवं बाल विकास अधिकारी आदित्य शर्मा के मार्गदर्शन में एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर मनेंद्रगढ़ के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिमा यादव रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात उपस्थित जनों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम तथा छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत अरपा पैरी के धार का गायन किया जिससे पूरे सभागार में देशभक्ति और गौरव का माहौल बन गया। कार्यक्रम में महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व की जानकारी देते हुए बताया गया कि महिलाओं के अधिकारों और समानता के उद्देश्य से वर्ष 1917 से इस दिवस को मनाने की परंपरा प्रारंभ हुई इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को समाज में समान अवसर सम्मान और अधिकार दिलाना है इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई वक्ताओं ने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है उन्होंने कहा कि महिलाओं का शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर होना समाज की प्रगति के लिए आवश्यक है कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं और अभियानों की जानकारी भी दी गई महिलाओं से इन योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने की अपील की गई। साथ ही चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के कार्यों और बच्चों के संरक्षण से जुड़ी व्यवस्थाओं की भी जानकारी दी गई।

## पुलिस कंट्रोल रूम में महिला पुलिसकर्मी सम्मानित महिला दिवस पर डीआईजी और एसपी ने किया सम्मान



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी ( निप्र )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को शिवपुरी पुलिस कंट्रोल रूम में महिला पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया इस दौरान ग्वालियर रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक अमित सांघी और शिवपुरी के पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने महिला कर्मियों का हौसला बढ़ाया और उनके काम की सराहना की। कार्यक्रम में अधिकारियों ने महिला पुलिसकर्मियों से संवाद किया और ड्यूटी के दौरान आने वाली समस्याओं और चुनौतियों पर चर्चा की इसके साथ ही उनका समाधान करने के लिए सुझाव भी लिए गए अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि महिला पुलिसकर्मियों को हर संभव सहयोग मिलेगा महिला दिवस पर गिव टू गेन थीम रखी गई

साल 2026 के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम 'गिव टू गेन' रही। इसका मतलब है कि जब महिलाओं को समान अवसर, सम्मान और सहयोग दिया जाता है तो समाज को उसका पूरा लाभ मिलता है। अधिकारीयों ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता से समाज मजबूत और समृद्ध बनता है इस अवसर पर कई महिला पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## 10 हजार की इनामी महिला गिरफ्तार, टीचर की हत्या के मामले में पुलिस को थी तलाश



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी ( निप्र )।** भौंती थाना क्षेत्र में हुए शिक्षक कल्याण लोधी हत्याकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है इस मामले में लंबे समय से फरार चल रही 10 हजार रुपए की इनामी महिला आरोपी को उज्जैन से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है यह घटना 2 दिसंबर 2025 को हुई थी ग्राम ऊमरीकला निवासी अमित लोधी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके चचेरे भाई शिक्षक कल्याण लोधी और अनिल लोधी स्कूल से पढ़ाकर घर लौट रहे थे इसी दौरान गणेशखेड़ा वेयरहाउस के पास आरोपियों ने उन पर पुराने केस में राजीनामा करने का दबाव बनाया। राजीनामा न करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की इस दौरान आरोपी मुरारी लोधी ने कट्टे से गोली चला दी जिससे कल्याण लोधी गंभीर रूप से घायल हो गए अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई थी घटना के बाद पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम गठित की गई थी प्रत्येक आरोपी पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी घनश्याम भदौरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी तलाश के दौरान फरार चल रही आरोपी सविता लोधी (38), पत्नी मुरारी लोधी, निवासी ग्राम ऊमरीकला को उज्जैन से गिरफ्तार कर लिया गया।

# महतारी वंदन योजना से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ीं एमसीबी जिले की रत्ना कश्यप

### छोटी किराना दुकान को बनाया आय का मजबूत साधन, अन्य महिलाओं के लिए बनीं प्रेरणा



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी ( निप्र )।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है। इस योजना के माध्यम से मिलने वाली आर्थिक सहायता से कई महिलाएं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं इसी कड़ी में एमसीबी जिले की निवासी रत्ना कश्यप ने इस योजना से प्राप्त राशि का सदुपयोग कर अपने छोटे से व्यवसाय को आगे बढ़ाने का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। रत्ना कश्यप को महतारी वंदन योजना के तहत प्रति माह 1000 रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त होती है उन्होंने इस राशि का उपयोग अपने किराना दुकान के व्यवसाय को मजबूत करने में किया पहले उनकी दुकान छोटी थी और उसमें सीमित मात्रा में ही सामान उपलब्ध रहता था जिससे आमदनी भी कम होती थी लेकिन योजना के तहत मिलने वाली राशि को बचाकर और जोड़कर उन्होंने अपनी दुकान में धीरे-धीरे अधिक सामान रखना शुरू किया समय के साथ उनकी दुकान में ग्राहकों की संख्या बढ़ने लगी आसपास के लोग अब रोजमर्रा की जरूरत का सामान खरीदने के लिए उनकी दुकान पर आने लगे वर्तमान में उनकी किराना दुकान क्षेत्र के लोगों के लिए एक सुविधाजनक स्थान बन चुकी है इससे उनकी आमदनी में भी वृद्धि हुई है और वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं रत्ना कश्यप का कहना है कि महतारी वंदन योजना ने उनके जीवन में नई उम्मीद और आत्मविश्वास पैदा किया है इस योजना से मिलने वाली आर्थिक सहायता ने उन्हें अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी आज वे अपने दम पर काम कर रही हैं और अपने परिवार की आर्थिक मदद भी कर पा रही हैं।

उन्होंने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की यह योजना महिलाओं के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रही है महतारी वंदन योजना को लगभग दो वर्ष पूरे होने जा रहे हैं और इस दौरान राज्य की हजारों महिलाएं इससे लाभान्वित होकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं रत्ना कश्यप का मानना है कि यदि महिलाओं को थोड़ा आर्थिक सहयोग और प्रोत्साहन मिले तो वे अपने परिवार और समाज के लिए एक मजबूत सहारा बन सकती हैं।

## शिवपुरी में दो अज्ञात शव मिले,एक की पहचान के लिए फोटो जारी, दूसरे को पुलिस ने दफनाया



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी ( निप्र )।** दो अलग-अलग हादसों में मिले अज्ञात शवों की पहचान नहीं हो सकी है बदरवास में सड़क हादसे में मृतक की पहचान के लिए पुलिस ने फोटो जारी किया है, जबकि शहर में रेलवे ट्रैक पर मिले युवक के शव को दो दिन तक पहचान नहीं होने पर पोस्टमार्टम के बाद दफना दिया गया। बदरवास थाना क्षेत्र के एनएच-46 पर सिल्वर पार्क के पास रात एक अज्ञात व्यक्ति हाइवे पार कर रहा था इसी दौरान वह एक ट्रक की चपेट में आ गया हादसा इतना भीषण था कि व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई भूसे से भरा ट्रक भी अनियंत्रित होकर पलट गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रखवाया रविवार शाम तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी पुलिस ने मृतक का फोटो जारी कर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं पुलिस का मानना है कि मृतक पड़ोसी जिले गुना या अशोकनगर का रहने वाला हो सकता है।

दूसरी घटना शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के नोहरी गांव के पास की है। यहां गुरुवार रात रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का शव मिला था।

## बिजनेसमैन के घर लगी आग...बहू जिंदा जलीं खिड़कियां तोड़कर घर में घुसी रेस्क्यू टीम, 5 को बचाया; फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां मौके पर





**मीडिया ऑडीटर, ग्वालियर ( निप्र )।** कोतवाली थाना क्षेत्र में रविवार शाम करीब 4 बजे एक बिजनेसमैन के घर में आग लग गई। आग लगते ही घर से तेज धुआं और लपटें उठने लगीं उस समय घर के अंदर परिवार के 6 लोग मौजूद थे इनमें से 5 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया जबकि जलने से बहू की मौत हो गई। आग की सूचना मिलते ही दमकल और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड कर्मियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया खिड़कियां तोड़कर घर के अंदर पहुंचे इसके बाद अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला गया टीम ने आग बुझाने के लिए अंदर से भी पानी का छिड़काव किया। घटना में व्यापारी परिवार की बहू अंकिता अग्रवाल (पत्नी सचिन अग्रवाल) गंभीर रूप से झुलस गई थीं पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए अपोलो अस्पताल रेफर किया गया इलाज के दौरान अंकिता की मौत हो गई बताया जा रहा है कि मकान में व्यापारी परिवार के तीन भाई गिर्राज, दिनेश और हरिओम एक साथ रहते हैं आग लगने के समय परिवार के सभी सदस्य घर के अंदर थे स्थानीय लोगों ने भी दमकलकर्मियों के साथ मिलकर राहत और बचाव कार्य में मदद की। घटना की सूचना मिलते ही एसपी धर्मवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे स्थिति का जायजा लिया।क्षेत्रीय विधायक सतीश सिकरवार और ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से जानकारी ली। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की 10 से अधिक गाड़ियां लगाई गईं इसके अलावा टैंकरों से भी पानी की सप्लाई की गई काफी मशक्कत के बाद आग पर लगभग काबू पा लिया गया है। हालांकि ऊपरी मंजिलों पर फिर से लपटें उठने लगी हैं। प्रशासन का कहना है कि एरिया बेहद कंजेस्टेड है। यहां प्रॉपर गाड़ियां नहीं जा पा रही हैं जिसके कारण आग बुझाने में देरी हो रही है फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है प्रशासन मामले की जांच कर रहा है।

## 10 आदिवासी महिलाओं को काम के बदले नहीं दी मजदूरी 30 हजार रुपए बाकी



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी ( निप्र )।** ठकुरपुरा क्षेत्र की 10 आदिवासी महिलाओं ने आरोप लगाया है कि एक युवक ने उन्हें सड़क सफाई का काम कराया लेकिन उनकी मेहनताना पूरी नहीं दी महिलाएं अब पुलिस कोतवाली में शिकायत लेकर उचित कार्रवाई की मांग कर रही हैं। ग्राम देवरा, तहसील घाटीगांव के विनोद, पुत्र कल्लू आदिवासी ने महिलाओं को कटमई से नौहरी और सिंहनिवास पुल तक सफाई कराई उन्होंने शुरू में प्रतिदिन 300 रुपए मजदूरी देने का वादा किया था लेकिन करीब 10 दिन के काम के बाद भी कुल 30 हजार रुपए का भुगतान नहीं किया गया। महिलाओं ने बताया कि आरोपी ने उनके साथी केशव वाल्मीकि से 5 हजार रुपए उधार लिए थे, जो वापस नहीं किए गए पैसे मांगने पर आरोपी टाल-मटोल करता रहा और अब गाली-गलौज के साथ झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहा है। परेशान महिलाओं और केशव वाल्मीकि ने पुलिस से आरोपी को थाने बुलाकर उनकी मजदूरी और उधार की रकम वापस दिलाने के साथ-साथ उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## हनुमान मंदिर में फूलों की होली, हनुमान चालीसा समिति ने किया आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी ( निप्र )।** प्रसिद्ध हनुमान टेकरी मंदिर में होली के अवसर पर फूलों की होली का आयोजन किया गया सामूहिक हनुमान चालीसा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान हनुमान की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुआ इसके उपरांत मंदिर परिसर में फूलों की होली खेली गई श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे पर फूल बरसाकर होली का आनंद लिया इस दौरान मंदिर परिसर भक्ति गीतों और जयकारों से गूंज उठा महिलाओं ने पारंपरिक फाग गीत गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए ढोलक और मंजीरे की थाप पर प्रस्तुत फाग गीतों पर उपस्थित महिलाएं झूम उठीं फूलों के साथ मनाई गई इस होली ने मंदिर परिसर में आध्यात्मिक और आनंदमय वातावरण निर्मित किया। सामूहिक हनुमान चालीसा समिति के सदस्यों ने बताया कि पिछले पाँच वर्षों से हर मंगलवार को मंदिर में नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है समिति प्रमुख त्योहारों पर विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करती है जिससे श्रद्धालुओं को भक्ति और संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है। समिति की अध्यक्ष डॉ. रश्मि सोनकर ने मंदिर पहुंची सभी महिला श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर स्वागत किया उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और भाईचारे का संदेश देते हैं। फूलों की होली के इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं की उपस्थिति दर्ज की गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्ति, आस्था और उत्साह से भरा रहा। समिति के सदस्यों ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की बात कही।

### नगर भ्रमण पर निकले बाबा अचलनाथ

# पूजा-अर्चना के बाद शुरू हुआ चल समारोह, फूलों और गुलाल से खेल रहे होली





**मीडिया ऑडीटर, ग्वालियर ( निप्र )।** बाबा अचलनाथ की रंगपंचमी यात्रा निकाली जा रही है। डीजे और बैंड की धुनों पर चल समारोह में लोग नाचते और गाते नजर आ रहे हैं यात्रा की शुरूआत बाबा अचलनाथ की पूजा और आरती के साथ हुई चल समारोह शहर के विभिन्न मार्गों से निकाला जा रहा है, जहां लोग बाबा अचलनाथ के साथ फूलों और रंगों से होली खेल रहे हैं बाबा के स्वागत में कई स्थानों पर प्रसादी वितरण भी किया जा रहा है। रंगपंचमी के अवसर पर हर साल बाबा नगर यात्रा पर निकलते हैं बाबा अचलनाथ की सवारी ने अचलेश्वर महादेव मंदिर से नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान किया यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों और बाजारों सवारी दल बाजार, लोहिया बाजार, दौलतगंज, महाराज बाड़ा और सराफा बाजार से होकर गुजरेगी शाम करीब 4 बजे यह सवारी राम मंदिर पहुंचेगी नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालु जगह-जगह बाबा अचलनाथ की सवारी का स्वागत करेंगे और फूलों की वर्षा करेंगे। राम मंदिर पहुंचने पर बाबा अचलनाथ भगवान राम के साथ फूलों और गुलाल से होली खेलेंगे इसके अतिरिक्त सनातन धर्म मंदिर में चक्रधर भगवान के साथ भी रंगोत्सव मनाया जाएगा इस धार्मिक आयोजन को लेकर मंदिर प्रबंधन और श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम के समापन पर बाबा अचलनाथ की सवारी मंदिर वापस लौटेगी, जहां आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस आयोजन के दौरान एक दानदाता द्वारा मंदिर के स्तंभों के लिए 5 किलो चांदी दान करने की बात भी सामने आई है।

## व्यापारी की कार से 8 लाख से भरा बैग चोरी.. व्यापारी दुकान बंद कर रहा था, तभी ले उड़ा बैग

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर ( निप्र )।** बिलासपुर में एक व्यापारी की कार से 8 लाख रुपए से भरा बैग चोरी हुआ है घटना शनिवार (7 मार्च) को उस वक्त हुई जब व्यापारी अपनी दुकान बंद कर रहा था इसी दौरान अज्ञात चोर कार से पैसों का बैग लेकर भाग गया। कार से उठाईगिरी की यह पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई मामला तारबहार थाना क्षेत्र के व्यापार विहार इलाके का है जानकारी के अनुसार, व्यापार विहार की छोटी पार्किंग के पास व्यापारी अजय कुमार अग्रवाल की हरे कृष्णा ट्रेडर्स नाम से किराने की दुकान है दुकान के सामने व्यापारी की कार खड़ी थी शनिवार रात करीब 8:30 बजे वे दुकान बंद कर रहे थे उसी समय उन्होंने पैसों से भरा बैग कार में रख दिया। इसके बाद व्यापारी दुकान का शटर बंद कर्मचारी से करवाने चले गए इसी बीच चोर कार से बैग निकालकर भाग गया बैग में दिनभर की कमाई और लोगों से वापस मिले उधार के 8 लाख रुपए से ज्यादा रकम रखी हुई थी यह पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। व्यापारी जब कर्मचारी से दुकान बंद करवा रहा होता है। इसी दौरान टोपी पहने हुए एक युवक कार की ओर आता है। पहले वो इधर-उधर देखता है। फिर मौका देखते ही कार का दरवाजा खोलकर उसमें पैसों से भरा बैग लेकर फरार हो जाता है। व्यापारी जब दुकान बंद कर वापस कार में आया तो देखा कि उसका पैसों से भरा बैग गायब है।

# मंदसौर में दो बाइकों की भिड़ंत, बुजुर्ग की मौत

**मीडिया ऑडीटर, मंदसौर (निप्र)।** मंदसौर के वायनगर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक सड़क हादसा हो गया। गुजर्दा और बुगलिया के बीच रोड पर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। घायल का उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है। जानकारी के अनुसार कारूलाल पिता शंकरलाल जाट (60) निवासी भुनियाखेड़ी शनिवार रात देव डूंगरी माता की ओर से मोटरसाइकिल से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान गुजर्दा और बुगलिया के बीच सामने से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से उनकी बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।



**हादसे में गंभीर घायल का चल रहा इलाज:** हादसे में कारूलाल के सिर, मुंह और आंख में गंभीर चोटें आईं। वहीं दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार युवराज सिंह राजपूत भी घायल हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को तुरंत जिला चिकित्सालय मंदसौर पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद कारूलाल को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल युवराज सिंह राजपूत का उपचार अस्पताल में जारी है। मृतक कारूलाल के शव को जिला चिकित्सालय की मर्च्युरी में रखवाया गया। रविवार सुबह पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। एएसआई विक्रम वास्कले के अनुसार बुगलिया-गुजर्दा रोड पर दो मोटरसाइकिलों की टक्कर से हादसा हुआ है। दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि एक युवक घायल हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नौगांव में ई-रिक्शा खाई में पलटा 3 साल की बच्ची की मौत



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर जिले के नौगांव क्षेत्र में रविवार दोपहर एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। हादसे में 3 साल की बच्ची की मौत हो गई, जबकि उसकी मां और 5 साल का भाई घायल हैं।

**मायके जा रही थी महिला, ड्राइवर ने नहीं की मदद :** ग्राम कनेरा निवासी रश्मि कुशवाहा अपनी 3 साल की बेटी आरोही और 5 साल के बेटे लोचन के साथ छतरपुर से ई-रिक्शा में सवार होकर अपने मायके (ग्राम गैरोली) जा रही थीं। नया गांव के पास अचानक ई-रिक्शा खाई में जा गिरा। घटना के बाद ई-रिक्शा चालक और उसके साथ बैठा एक अन्य युवक घायलों की मदद करने के बजाय मौके से फरार हो गए।

**राहगीर ने पहुंचाया अस्पताल, पुलिस कर रही तलाश :** रास्ते से गुजर रहे स्कूटी सवार राहगीर पीयूष सोनकिया ने घायलों को तुरंत नौगांव अस्पताल पहुंचाया। वहां जांच के बाद डॉक्टरों ने 3 साल की आरोही को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के कर्मचारियों ने फोन पर परिजनों को हादसे की सूचना दी। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार ई-रिक्शा चालक की तलाश कर रही है।

# 90 साल की महिला से गैंगरेप, कुएं में फेंकने की कोशिश

**मीडिया ऑडीटर, खंडवा (निप्र)।** खंडवा जिले के पुनासा में चार नकाबपोश बदमाशों ने 90 साल की महिला के साथ गैंगरेप किया। पीड़िता एक खेत में बने घर में रह रही थी। बुधवार रात को हुई इस घटना में आरोपियों ने बुजुर्ग के साथ काफी बेरहमी की। उसके प्राइवेट पार्ट में गंभीर चोटें आई हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाशों ने महिला को खटिया समेत कुएं में फेंककर मारने की कोशिश की। लोगों की आहट सुनकर वे उसे खेत में ही छोड़कर भाग निकले। पीड़िता पूरी रात करीब 12 घंटे तक गंभीर हालत में तड़पती रही। गुरुवार सुबह जब ग्रामीण खेत पर पहुंचे, तब उन्हें वारदात का पता चला।

**अकेली रहती थी, बदमाशों ने इसी का फायदा उठाया :** जानकारी के अनुसार बुजुर्ग महिला अपने खेत में बने घर में अकेली रहती है। बुधवार रात वह रोज की तरह खाना खाकर सो गई थी। रात के समय आसपास कोई नहीं था और इसी का फायदा उठाकर 4 बदमाश उसके घर में घुस गए। पीड़िता ने बताया कि चारों ने अपने चेहरे पर कपड़ा बांध रखा था। वे सीधे उसके पास पहुंचे और उसे पकड़ लिया। बुजुर्ग के अनुसार चारों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया।

**उम्र और कमजोरी के कारण विरोध भी नहीं कर सकी :** पीड़िता ने बताया कि जब उसने विरोध करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। इसके बाद उसके हाथ-पैर पकड़कर उसके साथ दरिंदगी की। वह अपनी उम्र और कमजोरी के कारण उनका विरोध भी नहीं कर सकी।

**कुएं में फेंकने वाले थे, गाड़ी की आवाज सुनकर भागे :** वारदात के बाद आरोपियों ने आपस में कहा कि 'अब बुढ़िया को कुएं में फेंक देते हैं।' इसके बाद चारों ने खटिया समेत बुजुर्ग को उठाया और उसे कुएं की ओर ले जाने लगे। उसी दौरान आसपास किसी वाहन या लोगों की आवाज सुनाई दी और वे भाग निकले।

**झोपड़ी के बाहर खटिया पर खून से लथपथ पड़ी थी :** इसके बाद पीड़िता बेहोश हो गई और पूरी रात वहीं पड़ी रही। गुरुवार सुबह जब कुछ लोग भूसा खरीदने के लिए खेत पर पहुंचे तो उन्होंने झोपड़ी के बाहर खटिया पर उसे खून से लथपथ हालत में पड़े हुए देखा। हालत देखकर लोग घबरा गए।

# रंग पंचमी पर आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान ने मझगवां के राजाधिराज मंदिर में मनाया फूलों की होली का उत्सव

**मीडिया ऑडीटर, मझगवां (निप्र)।** रंग पंचमी के पावन अवसर पर आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान द्वारा मझगवां नगर के प्राचीन राजाधिराज मंदिर में भव्य और उल्लासपूर्ण फूलों की होली का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों के बीच आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक उत्साह का केंद्र बना। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के पुजारी द्वारा भगवान राधा-कृष्ण के पूजन और महाआरती से हुई। पुजारी ने भक्ति भाव से भगवान को भोग अर्पित किया और उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को दर्शन कराए। इसके पश्चात जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह कछवाह और संस्थान प्रमुख आशुतोष द्विवेदी ने नगर के अन्य श्रद्धालुओं के साथ मिलकर भगवान और भक्तों के ऊपर गुलाब की पंखुड़ियों और फूलों की बौछार की। इस प्रकार फूलों की होली खेलकर धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी भी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से विजय पांडेय बिज्जू, डॉ. रामावतार साहू, आशीष पांडेय, सूर्या कंप्यूटर, अमन गर्ग, राघव मेडिकल, ओम अग्रवाल, आयुष सेन, सचिन गर्ग, नत्थू जैसवाल, कमलेश जैसवाल, सीमा जैसवाल, सरोज जैसवाल, सोहन पांडेय, चिंतन नामदेव सहित कई अन्य नागरिकों ने इस भव्य उत्सव में भाग लेकर धार्मिक और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। आयोजन के दौरान उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने होली के रंग और फूलों से मंदिर परिसर को अलौकिक एवं दिव्य वातावरण प्रदान किया। इस अवसर पर आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि यह आयोजन केवल होली का उत्सव नहीं, बल्कि समाज में भाईचारे, श्रद्धा और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का माध्यम है।

# पुलिस मुख्यालय में अग्नि सुरक्षा जागरूकता एवं मॉक ड्रिल आयोजित

## सुरक्षाकर्मियों को आधुनिक उपकरणों से प्रशिक्षण



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (निप्र)।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन और अग्नि सुरक्षा के प्रति प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस मुख्यालय के भूतल पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों और कर्मचारियों को आग पर प्रभावी नियंत्रण और स्वयं को सुरक्षित रखते हुए आग बुझाने के व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ मॉक ड्रिल भी कराई गई। मॉक ड्रिल के दौरान तरल पदार्थों में लगी आग को अग्निशमन यंत्रों की सहायता से सुरक्षित और प्रभावी तरीके से बुझाने का अभ्यास कराया गया। सुरक्षाकर्मियों ने धुएं और लपटों से सुरक्षित रहते हुए आग पर नियंत्रण पाने की तकनीकों का अभ्यास किया। कार्यक्रम में मानसेवी डीएसपी श्री मोहनलाल मेहराए पुलिस मुख्यालय के सुरक्षा इंचार्ज निरीक्षक मुकेश सैनीए पुलिस फायर स्टेशन मंत्रालय भोपाल के एसआई बी.एस. हुड्डा और उनकी टीम उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण में अधिकारियों और कर्मचारियों को आग बुझाने में प्रयुक्त होने वाले आधुनिक उपकरणों जैसे फायरमैन हेलमेट, फोम नोजलए अग्निशमन सिलेंडर, रिवॉल्विंग नोजलए यूनिवर्सल ब्रांच, ब्रीदिंग ऑपरेटर सेट, लाइफ जैकेट, फायर ब्लैंकेट, कैमिकल सूट, एल्यूमिनियम सूट, हौज पाइप आदि के उपयोग और तकनीकी जानकारी दी गई। एसआई बीएसण् हुड्डा ने आग के पांच प्रकारों और उनके सुरक्षित निवारण की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लकड़ी और कोयले में लगी आग क्लास ष्एष् तरल पदार्थों में लगी आग क्लास ष्बीष् गैसों में लगी आग क्लास ष्सीष् धातुओं में लगी आग क्लास ष्डीष् तथा विद्युत संबंधी आग क्लास ष्ईष् में आती है। प्रत्येक प्रकार की आग के लिए अलग उपाय और सुरक्षित तकनीक अपनाना आवश्यक है। अग्नि दुर्घटना होने पर तुरंत फायर ब्रिगेडए पुलिस कंट्रोल रूमए विद्युत विभाग और चिकित्सालय को सूचित करनेए भवन का विद्युत प्रवाह बंद करनेए फायर अलार्म बजानेए लोगों को सुरक्षित मार्गों से निकालने और महत्वपूर्ण संपत्ति को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के निर्देश दिए गए। लिफ्ट का प्रयोग न करने और भगदड़ से बचने पर भी जोर दिया गया।

# नीमच की टीम ने चित्तौड़गढ़ में अफीम हेराफेरी पकड़ी किसानों ने तौल रजिस्टर में कम दिखाई पैदावार



**मीडिया ऑडीटर, नीमच (निप्र)।** केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (CBN) नीमच ने राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में अफीम के अवैध विचलन के खिलाफ कार्रवाई की है। उप नारकोटिक्स आयुक्त (DNC) नीमच के नेतृत्व में ब्यूरो की टीम ने पांडोली स्टेशन, कपासन स्थित एक आवासीय परिसर पर छापा मारा। इस दौरान 52.494 किलोग्राम अवैध अफीम और अफीम मिश्रित पानी बरामद किया गया। यह कार्रवाई विशिष्ट खुफिया जानकारी पर आधारित थी। ब्यूरो को इनपुट मिला था कि लाइसेंस प्राप्त किसान अपनी पैदावार छिपाकर उसे अवैध रूप से बेचने की तैयारी में थे। तलाशी के दौरान, आवासीय परिसर में तीन लाइसेंस प्राप्त अफीम कृषक किराए के कमरों में रहते हुए पाए गए। जांच में अधिकारियों ने पाया कि किसानों के पास मौके पर उपलब्ध अफीम की भौतिक मात्रा और उनके प्रारंभिक तौल रजिस्टर (PWR) में दर्ज आंकड़ों के बीच भारी अंतर था। एनडीपीएस नियम 1985 के नियम 13 के तहत, हर किसान को प्रतिदिन एकत्रित अफीम को तौल के लिए प्रस्तुत करना अनिवार्य है, ताकि उसका सही रिकॉर्ड रखा जा सके। हालांकि, इस मामले में बरामद अफीम की मात्रा पंजीकृत मात्रा से कई गुना अधिक पाई गई, जो नियमों का सीधा उल्लंघन और तस्करी की साजिश की ओर इशारा करती है। चूंकि बरामद अफीम का कोई वैध रिकॉर्ड नहीं मिला, इसलिए विभाग ने पूरी खेप को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8, 18(ब), 19 और 42 के तहत जब्त कर लिया है। छापेमारी के दौरान संबंधित किसान मौके पर मौजूद नहीं थे, जिनसे अब पूछताछ की जानी है। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने स्पष्ट किया है कि लाइसेंस प्राप्त अफीम के दुरुपयोग और अवैध तस्करी को रोकने के लिए ऐसे सख्त अभियान लगातार जारी रहेंगे। वर्तमान में प्रकरण में आगे की जांच प्रचलित है।

# नवाहन ने दो बाइकों को मारी टक्कर, एक की मौत

**मीडिया ऑडीटर, बीना (निप्र)।** खुरई के बांदरी थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-44 पर शनिवार रात सड़क हादसा हो गया। मैहर गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने दो बाइकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

**गांव लौटते समय हुआ हादसा :** जानकारी के अनुसार गौरी प्रसाद पटेल (66) निवासी ग्राम किरोली, थाना नरयावली, सागर बांदरी से अपने गांव लौट रहे थे। उसी समय मेहर गांव निवासी राजा पिता सोन सिंह लोधी (30) भी बाइक से अपने गांव जा रहे थे। मैहर गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दोनों बाइकों को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि गौरी प्रसाद पटेल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं राजा सिंह लोधी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले प्राथमिक इलाज दिया गया, इसके बाद बेहतर इलाज के लिए



बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर रेफर किया गया। घटना की सूचना मिलते ही बांदरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मार्च के पहले हफ्ते में टूटा 10 साल का रिकॉर्ड नर्मदापुरम में 38 डिग्री के पार पहुंचा पारा



**मीडिया ऑडीटर, नर्मदापुरम (निप्र)।** नर्मदापुरम सहित पूरे मध्य प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ली है। पिछले चार दिनों से प्रदेश में तेज गर्मी का नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। इसने पिछले 10 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, क्योंकि आमतौर पर 15 मार्च के बाद ही इतनी तेज गर्मी पड़ती है। लेकिन इस बार 4 मार्च से ही अधिकतम तापमान में भारी उछाल दर्ज किया जा रहा है और पारा लगातार 36 डिग्री सेल्सियस के ऊपर बना हुआ है। चिलचिलाती धूप ने लोगों को बेहाल कर दिया है। शुक्रवार को नर्मदापुरम पूरे प्रदेश में सबसे अधिक गर्म जिला रहा, जहां अधिकतम तापमान 38.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि, शनिवार को इसमें आधा डिग्री की मामूली गिरावट हुई और यह 37.6 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। दिन के साथ-साथ अब रातें भी गर्म होने लगी हैं। नर्मदापुरम में पिछले 24 घंटे में रात के न्यूनतम तापमान में 2.8 डिग्री सेल्सियस का बड़ा उछाल आया है और यह 19 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। मैदानी इलाकों के साथ-साथ प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में भी गर्मी का असर तेज हो गया है। यहां रात के न्यूनतम तापमान में 0.8 डिग्री और दोपहर के तापमान में 1.6 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आने वाले दिनों में गर्मी का यह प्रकोप और बढ़ेगा तथा तापमान में लगातार वृद्धि देखने को मिलेगी।

# बैतूल के फागुन मेले में युवक की चाकू मारकर हत्या डीजे पर नाचने के पुराने विवाद में वारदात

**मीडिया ऑडीटर, बैतूल (निप्र)।** बैतूल जिले के आठनेर थाना क्षेत्र में आयोजित फागुन मेले के दौरान पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या का प्रकरण दर्ज कर मुख्य आरोपी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है। घटना 5 मार्च की शाम ग्राम हिरादेही में लगे फागुन मेले की है। पुलिस के मुताबिक, ग्राम बैरमढाना निवासी चश्मदीद राम प्रसाद ने रिश्तेदार के घर के बाहर विवाद देखा। वहां सातकुंड निवासी आरोपी मोहित बाडिया अपने साथियों के साथ मिलकर गोविंद और विशाल से गाली-



गलौज व मारपीट कर रहा था। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने धारदार चाकू निकालकर हमला कर दिया। गोविंद की कमर में और विशाल की जांघ व कंधे पर चाकू के गंभीर वार किए गए। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने गोविंद को मृत घोषित कर दिया, जबकि विशाल का इलाज जारी है।

दो हफ्ते पहले शादी में डीजे पर नाचने को लेकर हुई थी रंजिश पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस हत्याकांड की असली वजह एक पुराना विवाद था। करीब दो सप्ताह पहले एक शादी समारोह के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर गोविंद, विशाल और आरोपी मोहित के बीच कहासुनी हुई थी। इसी बात की रंजिश पाले बैठे आरोपियों ने मेले में दोनों को अकेला पाकर इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से आगे की पूछताछ कर रही है। आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है। घटना 5 मार्च की शाम ग्राम हिरादेही में लगे फागुन मेले की है।

पुलिस के मुताबिक, ग्राम बैरमढाना निवासी चश्मदीद राम प्रसाद ने रिश्तेदार के घर के बाहर विवाद देखा। वहां सातकुंड निवासी आरोपी मोहित बाडिया अपने साथियों के साथ मिलकर गोविंद और विशाल से गाली-गलौज व मारपीट कर रहा था।

# छात्रा को कटर मारकर भागे युवक का शव मिला, सागर रेलवे ट्रैक पर पड़ा था शव

## 12वीं का पेपर देकर लौट रही छात्रा पर किया था हमला

**मीडिया ऑडीटर, सागर (निप्र)।** सागर में मकरोनिया थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा बाग के पास 12वीं की छात्रा पर कटर से हमला कर फरार हुए आरोपी का शव रविवार सुबह रेलवे ट्रैक पर मिला है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाया। शव अस्पताल भेजा गया है। घटनाक्रम की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन अस्पताल पहुंच गए। मामले में पुलिस पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार, मकरोनिया के रजाखेड़ी इलाके में रहने वाली 17 वर्षीय छात्रा शनिवार को कक्षा 12वीं का आखिरी पेपर देकर अपने घर वापस लौट रही थी। तभी सेमरा बाग के पास आरोपी नीलेश उसे मिला। दोनों के बीच



कहासुनी हुई। विवाद होने लगा। इसी दौरान आरोपी ने कटर से छात्रा पर हमला कर दिया। एक के बाद एक कई घाव मारे। जिससे छात्रा लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गई। वारदात कर आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल छात्रा को बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। छात्रा की पीठ, चेहरा और कंधे पर गंभीर घाव लगे हैं। जिससे उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। वारदात सामने आते ही मकरोनिया पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की।

**पुलिस कर रही थी तलाश, ट्रैक पर शव मिला :** पुलिस ने आरोपी घर और परिचितों के यहां दबिश दी। लेकिन वह मिला नहीं। जिसके बाद से पुलिस टीम लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी बीच रविवार तड़के आरोपी नीलेश का शव मकरोनिया के पास रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

**पहले भी हुआ था विवाद :** मृतक के मौसेरे भाई प्रमोद पटेल ने बताया कि भाई नीलेश का लड़की से प्रेमप्रसंग चल रहा था। पहले भी उनके बीच विवाद हुआ था। लेकिन सुलह हो गई थी। कल लड़की पेपर देने गई थी। नीलेश वहां कैसे पहुंचा, मुझे नहीं पता है। लेकिन घटना की जानकारी के बाद से ही परिवार के लोग भी उसकी तलाश कर रहे थे। मोबाइल बंद आ रहा था। पुलिस घर आई थी और परिवार वालों से पूछताछ की थी। पुलिस देर रात तक घर पर ही बैठी रही। नीलेश का शव रेलवे ट्रैक पर मिला है। उसकी मौत कैसे हुई, इसकी जांच होना चाहिए।

# होली पर मारपीट करने वाले चार बदमाशों का जुलूस निकाला



**मीडिया ऑडीटर, रतलाम (निप्र)।** रतलाम में होली (धुलेंडी) की शाम शहर में अलग-अलग जगहों पर हुई मारपीट, चाकूबाजी की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों की धरपकड़ पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस द्वारा लगातार दूसरे दिन (शनिवार) भी 4 बदमाशों का पकड़ कर कान पकड़ते हुए पैदल जूलूस निकाला। स्टेशन रोड थाना अंतर्गत गीता मंदिर रोड पर होली की रात मारपीट करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। शाम को थाने से पैदल जुलूस निकालते हुए एसडीएम कोर्ट में पेश किया।

चारों आरोपी सिर नीचे कर कान पकड़कर चल रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में महेंद्र (22) पिता जितेंद्र परिहार निवासी वीर सावरकर मार्ग, ओमसिंग (18) पिता जितेंद्र परिहार निवासी मित्र निवास कॉलोनी, निरंजन (18) पिता उदय सिंह परिहार गीता मंदिर रोड पर मारपीट करने वाले एवं पुराने मामले में जानलेवा हमला करने वाले रेहान (20) पिता नासिर कुरैशी निवासी अर्जुन नगर रतलाम शामिल हैं।

ईरान-इजरायल युद्ध के कारण

# आईसीसी की बैठक स्थगित

नए मेजबान की तलाश

**पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से आईसीसी की बैठक का टलना तय था। अहमदाबाद में टी20 वर्ल्ड कप फाइनल से एक दिन पहले शनिवार को आईसीसी के सदस्यों को एक औपचारिक संदेश भेजा गया।**




**दुबई, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ढ्ढष्ट) ने 25-27 मार्च को कतर के दोहा में होने वाली बैठक को ईरान-इजरायल युद्ध को देखते हुए टाल दी है। उम्मीद है कि मीटिंग अप्रैल में हो सकती है। हालांकि, नई तारीखों का अभी तक ऐलान नहीं हुआ है। पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से बैठक का टलना तय था। अहमदाबाद में टी20 वर्ल्ड कप फाइनल से एक दिन पहले शनिवार (7 मार्च) को आईसीसी के सदस्यों को एक औपचारिक संदेश भेजा गया।

क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार आईसीसी बैठक के लिए एशिया में ही दूसरी जगह ढूंढ रहा है। आईसीसी की इस बैठक में अभी और भविष्य से जुड़े जरूरी मामलों पर चर्चा होनी थी। आईसीसी ने 22 फरवरी को एक रिलीज में कहा था कि दोहा में मीटिंग करने का फैसला कतर में क्रिकेट और देश के बड़े स्पोर्टिंग इकोसिस्टम के साथ आईसीसी के बढ़ते जुड़ाव की वजह से किया गया।

### फाइनल देखने आ सकते हैं न्यूजीलैंड क्रिकेट

इस बीच भारत-न्यूजीलैंड टी20 वर्ल्ड कप फाइनल के दौरान आईसीसी के कई पदाधिकारियों के अहमदाबाद में होने की उम्मीद है, जो आईसीसी के चेयरमैन जय शाह का गृहनगर है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (NZC) के अध्यक्ष रोजर ट्वोस रविवार रात नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हो सकते हैं।

### बीसीबी और पीसीबी के अध्यक्ष नहीं होंगे उपलध

जिम्बाब्वे क्रिकेट (ZC) के अध्यक्ष तवेंग्वा मुकुहलानी और क्रिकेट साउथ अफ्रीका (CSA) के चेयरमैन डॉ. मोहम्मद मूसाजी के भी अन्य दूसरे बोर्ड प्रतिनिधियों के साथ मौजूद रहने की उम्मीद है। हालांकि, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम के बैठक में शामिल होने की कोई जानकारी नहीं है। माना जा रहा है कि वह मेलबर्न में हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के अध्यक्ष मोशसिन नकवी यहां नहीं होंगे।



# अनाबेल सदरलैंड ने शतक लगाकर रचा इतिहास, पिछले 5 टेस्ट में जड़ दिए 4 सैकड़ा

**नइ दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड टेस्ट में लगातार तीन पारियों में शतक बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गई। उन्होंने पर्थ में भारत के खिलाफ पिंक बॉल टेस्ट मैच के दूसरे दिन 129 रन की पारी खेली। अपना सातवां टेस्ट मैच खेल रही सदरलैंड ने 17 चौकों की मदद से अपना चौथा टेस्ट शतक बनाया। उन्होंने 171 गेंद पर 129 रन बनाए लीं। इससे ऑस्ट्रेलिया को मैच में बड़ी बढ़त बनाने में मदद मिली। यह सदरलैंड की टेस्ट क्रिकेट में लगातार तीसरा शतक है और पिछले पांच टेस्ट में उनका चौथा सैकड़ा है। 24 साल की ऑलराउंडर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आई और एलिस पेरी (76) के साथ चौथे विकेट के लिए 128 रन जोड़े। फिर बेथ मूनी के साथ पांचवें विकेट के लिए 54 रन जोड़े।

**पेरी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया महिला के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी-** पेरी टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन (1006 रन) बनाने वाली और 100 रन का आंकड़ा पार करने वाली दूसरी महिला ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर भी बनीं। वह करेन रोल्टन (1002) को पीछे छोड़कर टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनीं।

### सदरलैंड के चार शतक

सदरलैंड टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की महिला खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली आठवीं खिलाड़ी हैं। उन्होंने 89 के शानदार औसत से रन बनाए हैं। वह अपने करियर में चार बार 50 रन का आंकड़ा पार किया है और हर बारे उशे शतक में बदला है। टेस्ट क्रिकेट में उनका बेस्ट स्कोर 210 है जो उन्होंने 2024 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ इसी मैदान पर बनाया था। भारत की पहली पारी में 198 रन के जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 323 रन बनाए और पहली पारी में 125 रनों की बढ़च हासिल की।

महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर :

# उरुग्वे के खिलाफ जीत से अभियान शुरू करना चाहेगा भारत

**हैदराबाद, एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप में जगह बनाने के लक्ष्य के साथ क्वालीफायर टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। अनुभवी कोच Sjoerd Marijne के टीम से जुड़ने के बाद खिलाड़ियों में नया उत्साह देखने को मिल रहा है। मेजबान भारत रविवार को यहां अपने पहले मुकाबले में ruguay के खिलाफ जीत के साथ अभियान की सकारात्मक शुरुआत करना चाहेगा।

**विश्व कप के लिए तीन स्थान दांव पर:** इस क्वालीफायर टूर्नामेंट में कुल आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स, ऑस्ट्रिया शामिल हैं। टूर्नामेंट के पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें आगामी FIH Women's Hockey World Cup के लिए क्वालीफाई करेंगी। यह विश्व कप 14 से 30 अगस्त के बीच Belgium और Netherlands में आयोजित होगा।

**कोच मारिन की वापसी से टीम में जोश:** डच कोच स्जोएर्ड मारिन के लिए यह टूर्नामेंट मुख्य कोच के रूप में पहली जिम्मेदारी होगी। वह इससे पहले Tokyo 2020 Olympics में भारतीय टीम को ऐतिहासिक चौथे स्थान तक पहुंचाने के बाद पद छोड़ चुके थे और अब एक बार फिर टीम के साथ जुड़े हैं। उनकी वापसी से भारतीय टीम में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास देखने को मिल रहा है।




**भारत की रैंकिंग और दावेदारी:** भारतीय टीम इस समय विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर है और टूर्नामेंट में इंग्लैंड (7वें स्थान) के बाद दूसरी सबसे ऊंची रैंकिंग वाली टीम है। रैंकिंग के आधार पर देखा जाए तो उरुग्वे के खिलाफ भारत को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।


**कप्तान सलीमा टेटे ने जताया भरोसा:** भारतीय टीम की कप्तान Salima Tete ने कहा कि घरेलू मैदान पर खेलना टीम के लिए अतिरिक्त प्रेरणा का काम करेगा। उन्होंने कहा, हम अपने प्रशंसकों के सामने घरेलू मैदान पर क्वालीफायर खेलने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। टीम ने इस टूर्नामेंट के लिए कड़ी तैयारी की है क्योंकि हमें पता है कि यहां क्या दांव पर लगा है। हर टीम विश्व कप में जगह बनाने के लिए खेल रही है, इसलिए शुरुआत से ही कड़े मुकाबलों की उम्मीद है।

**आगे के मुकाबले:** भारत को ग्रुप चरण में उरुग्वे के अलावा दो और मैच खेलने हैं।

9 मार्च: भारत 1S स्कॉटलैंड
11 मार्च: भारत 1S वेल्स
वहीं अन्य मैचों में
इंग्लैंड VS इटली
कोरिया VS ऑस्ट्रिया
स्कॉटलैंड VS वेल्स के बीच मुकाबले खेले जाएंगे।

**पूल व्यवस्था:** क्वालीफायर में टीमों को दो पूल में बांटा गया है- पूल A: इंग्लैंड, कोरिया, इटली, ऑस्ट्रिया; पूल B: भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे, वेल्स। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

# जैनिक सिनर ने इंडियन वेल्स ओपन के अगले दौर में बनाई जगह




**नई दिल्ली, एजेंसी।** इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी Jannik Sinner ने इंडियन वेल्स ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए चेक गणराज्य के Dalibor Svrcina को एकतरफा मुकाबले में हराकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया।

सिनर ने महज 64 मिनट तक चले मैच में 6-1, 6-1 से जीत दर्ज की और टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। इस जीत के साथ ही वह अपने पहले इंडियन वेल्स खिताब की ओर एक और कदम आगे बढ़ गए हैं।

**शुरुआत से ही सिनर का दबदबा:** मैच की शुरुआत से ही जैनिक सिनर ने आक्रामक खेल दिखाया। उन्होंने पहले सेट में तेज सर्विस और सटीक ग्राउंड स्ट्रोक्स की बदौलत स्व्रचिना पर लगातार दबाव बनाए रखा।

सिनर ने पहले सेट को 6-1 से अपने नाम किया और मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बना लिया। दूसरे सेट में भी उन्होंने अपनी लय बरकरार रखते हुए स्व्रचिना को कोई मौका नहीं दिया और 6-1 से सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

**अगले दौर में शापोवालोव से भिड़ंत:** इस जीत के बाद जैनिक सिनर का अगला मुकाबला कनाडा के स्टार खिलाड़ी Denis Shapovalov से होगा।

दोनों खिलाड़ियों के बीच अब तक हुए प्रोफेशनल मुकाबलों में 1-1 की बराबरी है। पिछले साल US Open में सिनर ने शापोवालोव को चार सेटों में हराया था, जबकि 2021 में शापोवालोव ने सिनर को पांच सेट के मुकाबले में मात दी थी।

**मानसिक और शारीरिक रूप से बेहतर महसूस कर रहे सिनर:** मैच के बाद सिनर ने कहा कि वह इस समय मानसिक और शारीरिक रूप से काफी अच्छा महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं मानसिक रूप से अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैं शांत और रिलैक्स हूं। कोर्ट पर खेलने में खुशी मिल रही है। हमने इसके लिए काफी मेहनत की है। सिनर ने आगे बताया कि उन्होंने अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है। हमने कोर्ट पर कई घंटे बिताए हैं और जिम में भी लगातार मेहनत की है। मैं खुद को शारीरिक रूप से और मजबूत बनाने की कोशिश कर रहा हूं। हमने डबल सेशन किए और ज्यादा छुट्टियां भी नहीं लीं।

**पहले इंडियन वेल्स खिताब की तलाश:** जैनिक सिनर इस साल Indian Wells Open में अपने पहले खिताब की तलाश में उतरे हैं। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए वह टूर्नामेंट के मजबूत दावेदारों में शामिल माने जा रहे हैं। अगर सिनर इसी लय को बरकरार रखते हैं, तो आने वाले मुकाबलों में भी वह बड़े खिलाड़ियों को कड़ी चुनौती दे सकते हैं।

# दिव्या को प्राग चैलेंजर शतरंज में तीसरा स्थान, विश्व टॉप 10 में पहुँची



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्तमान महिला विश्व कप विजेता भारत की दिव्या देशमुख नें फ़ीडे कैंडिडेट के पहले प्राग चैलेंजर में 9 राउंड के बाद 5 अंक बनाते हुए तीसरा स्थान हासिल करते हुए ना सिर्फ़ विश्व टॉप 10 महिला खिलाड़ियों में ख़ुद को शामिल कर लिया है बल्कि कैंडिडेट शुरू होने के पहले अपनी मजबूत दावेदारी भी प्रस्तुत कर दी है । दिव्या इस 10 खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन मजबूत टूर्नामेंट में शामिल दो महिला खिलाड़ियों में से एक थी विश्व नंबर 3 चीन की ज़ू जिनर भी इस मुक़ाबले का हिस्सा थी जो 2.5 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर रही। दिव्या देशमुख नें आखरी राउंड में मेजबान चेक गणराज्य के स्टीफन हर्बेक को मात देते हुए अपनी दूसरी जीत दर्ज की । चेक गणराज्य के फिनेक वैक्लेव 6.5 अंकों के साथ पहले और स्पेन के यूफ़ा डेनियल 6 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर रहे । भारत के सूर्य शेखर गांगुली 4 अंक बनाकर आठवें स्थान पर रहे । फ़िलहाल दिव्या 2510 फ़ीडे रेटिंग अंकों के साथ विश्व रैंकिंग में दसवें स्थान पर पहुँच गई है . 2535 अंकों के साथ अभी भी कोनेरू हंपी विश्व में नंबर 5 और भारत की शीर्ष खिलाड़ी बनी हुई है ।

### रोनाल्डो की चोट ने बढ़ाई चिंता, पुर्तगाल के लिए आगामी मैचों में खेलना संदिग्ध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सऊदी क्लब अल-नासर के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की हैमस्ट्रिंग चोट उम्मीद से ज्यादा गंभीर बताई जा रही है। टीम के कोच जॉर्ज जीसस ने खुलासा किया कि इस चोट के कारण 41 वर्षीय रोनाल्डो का पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम के लिए आगामी मैत्री मैचों में खेलना संदिग्ध हो गया है।

**मैच के दौरान चोटिल हुए रोनाल्डो:** रोनाल्डो को यह चोट पिछले सप्ताहांत सऊदी प्रो लीग के मुकाबले में लगी थी। इस मैच में अल-नासर ने अल-फायहा को 3-1 से हराया, लेकिन मुकाबले के दौरान रोनाल्डो लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए थे।

**जांच में सामने आई चोट की गंभीरता:** कोच जॉर्ज जीसस ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि शुरुआती तौर पर यह मांसपेशियों में हल्का खिंचाव लग रहा था, लेकिन मेडिकल जांच के बाद पता चला कि चोट अनुमान से अधिक गंभीर है। उन्होंने कहा, पिछले मैच में क्रिस्टियानो को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था। अब जांच से स्पष्ट हो गया है कि उनकी चोट हमारी उम्मीद से ज्यादा गंभीर है।

**इलाज के लिए स्पेन जाएंगे रोनाल्डो:** कोच के अनुसार रोनाल्डो को फिलहाल आराम और उचित उपचार की जरूरत है। इलाज के लिए वह स्पेन जाएंगे, जहां उनके निजी फिजियोथेरेपिस्ट उनकी रिकवरी पर काम करेंगे। टीम को उम्मीद है कि वह जल्द ही फिट होकर मैदान पर वापसी करेंगे।

**पुर्तगाल के मैत्री मैचों पर संकट:** रोनाल्डो की चोट के कारण पुर्तगाल की टीम को बड़ा झटका लग सकता है।

# ऑल इंग्लैंड ओपन के फाइनल में पहुंचे लक्ष्य

छाले और खिंचाव से जूझते हुए कनाडा के शटलर को हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने पैर में दर्दनाक छाले और मांसपेशियों में खिंचाव से जूझते हुए शनिवार (7 मार्च) को यहां कनाडा के विक्टर लाई को हराकर ऑल इंग्लैंड ओपन के पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई। अब वह इस बड़े खिताब के लिए भारत का 25 साल का इंतजार खत्म करने से महज एक जीत दूर हैं। यह मैच लक्ष्य के करियर के सबसे अच्छे मुकाबलों में से एक साबित हुआ।

लक्ष्य ने एक घंटे 37 मिनट तक चले संघर्ष में 21 साल के लाई पर 21-16, 18-21, 21-15 से जीत हासिल की जिन्होंने पिछले साल पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। लक्ष्य 2022 चरण में उप विजेता रहे थे जिससे यह उनका दूसरा ऑल इंग्लैंड फाइनल होगा। अल्मोड़ा के 24 साल के खिलाड़ी का सामना अब रविवार (8 मार्च) को फाइनल में दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी चीनी ताइपे के लिन चुन-यी से होगा। वह इसमें जीत से इतिहास रचना चाहेंगे।

**प्रकाश पादुकोण-पुलेला गोपीचंद ही ऑल इंग्लैंड खिताब जीत पाए हैं-** भारत के लिए प्रकाश पादुकोण (1980) और पुलेला गोपीचंद (2001) ही ऐसे खिलाड़ी हैं जो ऑल इंग्लैंड खिताब जीत पाए हैं। उनके अलावा सिर्फ प्रकाश नाथ (1947) और साइना नेहवाल (2015) ही उप विजेता बनकर इसके करीब पहुंचे थे। लक्ष्य ने जबरदस्त मानसिक मजबूती, मजबूत डिफेंस और सटीक स्ट्रोकप्ले दिखाया। उन्होंने मुश्किल रैलियों में 86 शॉट लगाए। मैच की शुरूआत 52 शॉट की रैली से हुई। दोनों शटलर एक-दूसरे के डिफेंस को भेदते हुए 3-3 और 4-4 पर बराबरी पर थे।

### लक्ष्य के पैर में छाले

लाई के लंबा शॉट मारने और एक शॉट से चूकने से लक्ष्य ने जल्द ही चार गेम प्वाइंट हासिल कर लिए और कई आक्रामक स्ट्रोक लगाकर पहला गेम जीत लिया। दूसरा गेम भी बराबरी पर शुरू हुआ, लेकिन लक्ष्य को अपने पैर के छालों के उपचार के लिए थोड़ी देर के लिए कोर्ट से बाहर जाना पड़ा, तब वह 3-4 से पीछे थे। खेल दोबारा शुरू होने पर लाई ने शानदार डिफेंस के दम पर 9-4 की बढ़त बना ली जिसमें 59 शॉट की शानदार रैली भी शामिल थी। लक्ष्य ने ड्रॉप शॉट, सटीक बैकलाइन पुश और तेज नेट प्ले के जरिए धीरे-धीरे वापसी की, लेकिन लाई ने ब्रेक तक चार अंक की बढ़त बनाए रखी। भारतीय खिलाड़ी ने सटीक बैकलाइन रिटर्न से 16-16 से बराबरी कर ली। पर कनाडा के खिलाड़ी ने संयम बनाए रखा और फिर से 18-16 से बढ़त हासिल कर ली।

# ‘कुछ तो नया बोलो’, मिचेल सैंटनर को सूर्यकुमार ने दिया जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल से पहले शनिवार (7 मार्च) को न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा कि उन्हें अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में घरेलू टीम के समर्थकों का दिल तोड़ना अच्छा लगेगा। इस बयान को लेकर भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव से सवाल हुआ तो उन्होंने हंसते हुए कहा कि पुरानी बातें दोहराई जा रही हैं। कुछ नई बात बोलनी चाहिए।

सैंटनर से पहले 2023 वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा था कि वह नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मौजूद लाखों लोगों को चुप कराना चाहेंगे। ऑस्ट्रेलिया ने ऐसा किया भी था। उसने पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही भारतीय टीम को हराकर खिताब जीता था और नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जमा एकतरफा समर्थकों को चुप करा दिया था।



### सब ही सेम लाइन चिपका रहे हैं

सूर्यकुमार यादव ने मिचेल सैंटनर के बयान को लेकर सवाल पर कहा, ‘सब ही सेम लाइन चिपका रहे हैं। कुछ तो नया बोलो।’ इससे पहले सैंटनर ने कहा था, ‘भीड़ को शांत कराने का लक्ष्य है। टी20 क्रिकेट में बहुत सारे वेरिएबल होते हैं और कभी-कभार ये अस्थिर होते हैं। अगर हम इसी तरह अपना काम करते रहे तो हम दूसरी बड़ी टीम को हरा सकते हैं। जाहिर है भारत पर अपने घर में यह वर्ल्ड कप जीतने का बहुत दबाव है।’



# सामाजिक समरसता का प्रतीक बनेगी श्री रामनवमी शोभायात्रा, भव्य आयोजन की तैयारियां तेज

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** हिंदू पर्व समन्वय समिति के तत्वावधान में नगर के विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के सहयोग से इस वर्ष श्री रामनवमी शोभायात्रा अपने 22वें वर्ष में भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप में आयोजित की जाएगी। 27 मार्च को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के अवसर पर निकलने वाली इस शोभायात्रा में नगर के विभिन्न सामाजिक संगठन, जाति-बिरादरी, विद्वतजन, गणमान्य नागरिक, मातृशक्ति और युवा पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर सनातन संस्कृति की अलौकिक छटा प्रस्तुत करेंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर कायस्थ समाज सतना के आतिथ्य में




कान्हा श्री पैलेस में नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों की एक वृहद बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों ने शोभायात्रा में अपनी सहभागिता के स्वरूप से आयोजन समिति को अवगत कराया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम दरबार, चित्रगुप्त जी और भारत माता के चित्रों की आरती एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अर्पिता सोनी ने दीप मंत्र का वाचन किया, जबकि मनमोहन माहेश्वरी और सचिन गुप्ता ने भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह, महंत पीयूषदास जी महाराज, समिति अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी, महापौर योगेश ताम्रकार, संयोजक कमलजीत सिंह सेठी, जितेंद्र जैन, कायस्थ समाज अध्यक्ष ब्रजेश निगम एवं मातृशक्ति प्रतिनिधि चांदनी श्रीवास्तव मंचासीन रहे। सांसद गणेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि समाज और राष्ट्र की मजबूती के लिए सभी जातियों और वर्गों को एकता के सूत्र में बंधकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने नगर के प्रत्येक परिवार से शोभायात्रा में शामिल होकर सनातन संस्कृति को सशक्त बनाने की अपील की। महापौर योगेश ताम्रकार ने युवा शक्ति से शोभायात्रा में भगवा साफा पहनकर शौर्य और सेवा का संदेश देने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि स्वागत में प्लास्टिक के डिस्पोजेबल का उपयोग न करते हुए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर को सात शक्ति केंद्रों में विभाजित कर घर-घर आमंत्रण पत्र एवं अक्षत वितरण किए जाएंगे, जिससे पूरे शहर में उत्साह का वातावरण बने और अधिक से अधिक लोग शोभायात्रा में शामिल हों। कार्यक्रम में नगर के अनेक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# हार्डवेयर पेंट्स एसोसिएशन ने खेली फूलों की होली, समाजसेवियों का हुआ सम्मान



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** विंध्य क्षेत्र के व्यापारियों की अग्रणी संस्था हार्डवेयर पेंट्स एसोसिएशन द्वारा रविवार को सचिन पैलेस में सपरिवार होली मिलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में व्यापारियों एवं उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ फूलों की होली खेली। समारोह में कैट के जिलाध्यक्ष श्री मनोहर वाधवानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि संस्थाध्यक्ष श्री घनश्यामदास अच्छडा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बनाया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात संस्था के सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। संस्थाध्यक्ष घनश्यामदास अच्छडा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए सभी अतिथियों एवं सदस्यों का अभिनंदन किया और सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि मनोहर वाधवानी ने एसोसिएशन की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था निरंतर व्यापारियों के हित में कार्य कर रही है और भविष्य में भी इसी प्रकार व्यापार और समाज के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेगी। वहीं मनोहर डिगवानी और मोना चोपड़ा ने अपने उद्बोधन में संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता का प्रतीक बताया। इस अवसर पर समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय योगदान देने वाले अमर ज्योति नेत्रदान अभियान के संयोजक मनोहर डिगवानी तथा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पंजाबी महिला मंडल की अध्यक्ष मोना चोपड़ा को सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान उपस्थित अतिथियों एवं सदस्यों ने फूलों की होली खेलकर होली मिलन का आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी सम्मानित सदस्यों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

# प्रसूता को घर छोड़ने जननी एक्सप्रेस ने मांगे 500 रुपए 3 घंटे तक फेल रही 108 सेवा पति ने कलेक्टर से की शिकायत

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना के जिला अस्पताल में सरकारी एंबुलेंस सेवा (जननी एक्सप्रेस) की बड़ी लापरवाही और अवैध उगाही का मामला सामने आया है। प्रसूता को अस्पताल से घर छोड़ने के एवज में एंबुलेंस चालकों द्वारा खुलेआम 500 रुपए की रिश्वत मांगी गई। परेशान पति ने अस्पताल परिसर में ही मौजूद कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस को देखते ही उनसे सीधे शिकायत कर दी, जिसके बाद उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच के सख्त आदेश दे दिए हैं। जानकारी के अनुसार, कुआं सोहास निवासी जोगेन्द्र माझी की पत्नी राधा मांझी को 5 मार्च को प्रसव के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

शनिवार (7 मार्च) को छुट्टी मिलने के बाद घर जाने के लिए जोगेन्द्र ने 108 एंबुलेंस सेवा पर कॉल किया। करीब तीन घंटे तक 108 कॉल सेंटर से कोई एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो पाई और अंत में जवाब मिला कि सभी गाड़ियां व्यस्त हैं। परेशान




होकर जब जोगेन्द्र ने अस्पताल के बाहर खड़ी जननी एक्सप्रेस (सीजी 04 एनडब्लू8756) के स्टाफ से बात की, तो एक ने 500 और दूसरे ने 300 रुपए मांगे। अंततः मजबूरी में 400 रुपए का भुगतान कर प्रसूता को सोहास ले जाया गया। कॉल सेंटर पर गाड़ियां 'व्यस्त', तो बाहर कैसे मिली एंबुलेंस इस पूरी घटना ने सरकारी सिस्टम की पोल खोल दी है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब कॉल सेंटर के मुताबिक डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल लोकेशन की सभी जननी एक्सप्रेस गाड़ियां व्यस्त थीं, तो दोपहर 3 बजे बिना कॉल सेंटर के संपर्क के ही प्रसूता को घर जाने के लिए अस्पताल के बाहर से दूसरी जननी एक्सप्रेस कैसे मिल गई सीएमएचओ बोले- यह गंभीर लापरवाही, कंपनी से मांगेंगे जवाब वर्तमान में सतना और मैहर जिले में कुल 34 जननी एक्सप्रेस एंबुलेंस संचालित हैं। मामले के तूल पकड़ने और कलेक्टर के निर्देश के बाद, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला ने स्पष्ट किया कि जननी एक्सप्रेस के स्टाफ द्वारा पैसों की मांग करना अत्यंत गंभीर लापरवाही और अपराध है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि इस पूरे मामले की सघन जांच कराई जाएगी और एंबुलेंस का संचालन कर रही संबंधित कंपनी के जिम्मेदारों से भी कड़ा जवाब-तलब किया जाएगा।

# डिस्पोजेबल प्लास्टिक में भोजन करना स्वास्थ्य के लिए खतरनाक



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कोठी क्षेत्र कोठी क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण चर्चा आयोजित की गई, जिसमें विशेषज्ञों ने बताया कि डिस्पोजेबल प्लास्टिक के बर्तनों (जैसे प्लेट, गिलास, कटोरी आदि) में गर्म भोजन करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, जब गर्म भोजन प्लास्टिक के बर्तनों में रखा जाता है, तो उससे निकलने वाले हानिकारक रसायन शरीर में समा जाते हैं, जिससे कई प्रकार की बीमारियाँ हो सकती हैं। इस विषय पर जय ज्योति पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अजय विश्वकर्मा, सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के डायरेक्टर राजेश नामदेव, विज्ञान शिक्षक वीरेंद्र विश्वकर्मा और श्री गुड्डू गुप्ता ने लोगों से अपील की कि वे डिस्पोजेबल प्लास्टिक बर्तनों का उपयोग करने के बजाय स्टील, कांच या पत्तल-दोने जैसे सुरक्षित और पर्यावरण-friendl4 विकल्पों का चुनाव करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस दिशा में अभी से कदम नहीं उठाए गए, तो यह आदत भविष्य में स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए बड़ी समस्याएँ उत्पन्न कर सकती है। विशेषज्ञों ने नागरिकों से अपील की कि वे प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए जागरूक हों। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करना और पर्यावरण को बचाने के लिए कदम उठाना था।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शक्ति संवाद एवं समारोह संपन्न, 489 मातृ शक्तियों का हुआ सम्मान

**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला मैहर, पिपरा सेवादल बिरादरी संस्थान ग्राम पिपरा कला द्वारा संचालित परिवार परामर्श केंद्र तथा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय सरना पैलेस मैहर में 'शक्ति संवाद एवं सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम तीन सत्रों में आयोजित हुआ, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित कर उनके योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय आदेश कुमार जैन मुख्य अतिथि रहे, जबकि पर्वतारोही सुश्री अंजना सिंह ने अध्यक्षता की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य तारा विजय पटेल, जयंती तिवारी, देवदत्त सोनी, जनपद सदस्य दीपक कुलदीप तिवारी और जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक प्रदीप तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदा के पूजन-अर्चन के साथ हुई। इसके पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत




उद्बोधन जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र बागड़े ने दिया, जिसमें उन्होंने महिला कल्याण एवं सशक्तिकरण से जुड़ी शासकीय योजनाओं और कानूनों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। द्वितीय सत्र में मैहर विधायक कांत चतुर्वेदी मुख्य अतिथि रहे। इस सत्र में जिला कलेक्टर ी रानी बाटड़, वरिष्ठ समाजसेविका नंदिता पाठक (अति विशिष्ट अतिथि) और भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन के साथ किया गया। अपने संबोधन में विधायक कांत चतुर्वेदी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान, अधिकार और समानता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। वरिष्ठ समाजसेविका नंदिता पाठक ने कहा कि यह दिवस महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक उपलब्धियों को सम्मानित करने का अवसर है। वहीं कमलेश सुहाने ने कहा कि यह दिवस महिलाओं की उपलब्धियों का वैश्विक उत्सव है। समापन सत्र में नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी, मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी, सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्यभान सिंह, युवा समाजसेवी कुलदीप तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण गौतम, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अनिल शुक्ला और समाजसेवी शिवेंद्र मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# कोटर नगर में शोक की लहर अनिल त्रिपाठी की धर्मपत्नी सुनीता त्रिपाठी का निधन

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना कोटर नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 9 की निवासी सुनीता त्रिपाठी का रविवार सुबह 4:00 बजे निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सुनीता त्रिपाठी, पत्रकार अनिल त्रिपाठी की धर्मपत्नी थीं और अपने मिलनसार स्वभाव के कारण क्षेत्र में जानी जाती थीं परिजनों के अनुसार, वह काफी समय से बीमारी से जूझ रही थीं और उनका उपचार भी चल रहा था, लेकिन रविवार तड़के उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही नगर के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों में शोक व्याप्त हो गया कोटर नगर परिषद के अध्यक्ष राजमणि सिंह, उपाध्यक्ष प्रभाकर तिवारी और सभापति राजेंद्र गौतम ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की वहीं मीडिया जगत से जुड़े शिवेंद्र पाठक, नरेंद्र पांडेय, संजय तिवारी, अंकित द्विवेदी और अन्य साथियों ने भी शोक संवेदना व्यक्त की सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को इस कठिन घड़ी में धैर्य और शक्ति प्रदान करें उनके निधन से परिवार, मित्रों और परिचितों को अपूरणीय क्षति हुई है।

# मातृ शक्ति का सम्मान: अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सरना पैलेस में भव्य सम्मान समारोह

**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पावन अवसर पर मैहर स्थित सरना पैलेस में 'मातृ शक्ति सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी एवं सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर समाज की प्रेरणास्त्रोत मातृ शक्तियों का सम्मान कर उनके योगदान को नमन किया गया। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज निर्माण, संस्कारों के संरक्षण और परिवार




से लेकर राष्ट्र के विकास तक महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाओं के परिश्रम, त्याग और समर्पण से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव हो पाता है। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष नंदिंदा दीदी, मणिदीप कुलदीप तिवारी, जयंती महेश तिवारी, कुलदीप तिवारी और देवदत्त सोनी सहित बड़ी संख्या में माताएँ, बहनें और बेटियाँ उपस्थित रहीं। सभी ने महिला सशक्तिकरण और समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को सराहते हुए उनके सम्मान को आवश्यक बताया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली कई मातृ शक्तियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा कि नारी शक्ति समाज की आधारशिला है और उनके सम्मान व सशक्तिकरण से ही समाज और राष्ट्र निरंतर प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। समारोह के दौरान महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सहभागिता और परिवार में महिलाओं की भूमिका जैसे विषयों पर भी विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी माताओं, बहनों और बेटियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं और समाज में उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# भाजपा प्रवक्ता अतुल सिंह परिहार का शक्ति प्रदर्शन, वरिष्ठ नेताओं से लिया आशीर्वाद

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** भारतीय जनता पार्टी की हाल ही में घोषित जिला कार्यकारिणी में जिला प्रवक्ता बनाए गए अतुल सिंह परिहार ने सतना में भव्य शक्ति प्रदर्शन करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। गाड़ियों के लंबे काफिले और समर्थकों के भारी हुजूम के साथ निकले अतुल सिंह परिहार ने शहर के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर पार्टी नेताओं का स्वागत किया और संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस दौरान अतुल सिंह परिहार अपने समर्थकों के साथ सतना सांसद गणेश सिंह, राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, महापौर योगेश ताम्रकार और भाजपा जिलाध्यक्ष भगवती पांडे सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं के निवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने पुष्प वर्षा और अजगर माला पहनाकर सभी नेताओं का भव्य स्वागत किया। समर्थकों ने भी उत्साहपूर्वक नारेबाजी करते हुए अपने नेता के प्रति समर्थन व्यक्त किया। बताया जा रहा है कि भाजपा की नई जिला कार्यकारिणी घोषित होने के बाद किसी भी पदाधिकारी द्वारा इस तरह का यह पहला शक्ति प्रदर्शन है।

# 49वें संत समागम मेले के भव्य आयोजन की योजना पर बैठक



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** ।49वें संत समागम मेले के भव्य एवं दिव्य आयोजन की योजना को लेकर श्री झूलेलाल मन्दिर, बजरहा टोला सतना में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मन्दिर पीठाधीश्वर परम् श्रद्धेय संत समानाराम राम जी और समाज के सम्माननीय वरिष्ठ जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश सुखेजा, मन्दिर अध्यक्ष मनोहर वाधवानी, रवि बसन्तानी, मनोज वलेजा, अशोक चांदवानी, मनोहर आरतानी, रूपेश वलेचा, और मनोहर दिग्वानी ने मेले के आयोजन के लिए अपने विचार प्रस्तुत किए। बैठक में फेरूमल तोलवानी, इंदर कापड़ी, गुरुमुख पंजवानी, डॉ. सीरूमल भोजवानी, प्रीतम छाबड़िया, गोपीचन्द कापड़ी, विकास सुखेजा, प्रेम नाथानी, अशोक खानेचा आदि उपस्थित रहे और इस मेले को शानदार एवं समृद्ध बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। संत समागम मेला क्षेत्रीय समाज की एक महत्वपूर्ण परंपरा है, और इस आयोजन के जरिए सामाजिक एकता और धार्मिक सद्भावना को बढ़ावा देने का उद्देश्य है। बैठक में उपस्थित सभी ने इस मेले के आयोजन को सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया और सामाजिक सहभागिता को बढ़ाने का संकल्प लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मैहर में निकली जागरूकता रैली विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को मैहर जिले में महिला जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और सशक्तिकरण का संदेश देना था। मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। यह रैली रविवार सुबह 10 बजे मैहर स्थित विश्राम गृह से शुरू हुई। बड़ी संख्या में महिलाएं हाथों में तख्तियां और नारे लिखी हुई पट्टियां लेकर सड़कों पर उतरीं। रैली विश्राम गृह, एसबीआई चौराहा, घंटाघर, अलाउद्दीन तिराहा और जेल तिराहा से होते






हुए रीवा रोड (सरना पैलेस) पर समाप्त हुई। महिलाओं ने रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया रैली में समाज के विभिन्न वर्गों की महिलाओं ने हिस्सा लिया। इनमें महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्य, ग्रामीण क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली महिला सरपंच, सशक्त वाहिनी की प्रतिनिधि, शहर की प्रबुद्ध महिलाएं और छात्राएं शामिल थीं। रैली के दौरान महिलाओं ने शिक्षा, समान अधिकार और समाज में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए नारे लगाए। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण है और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्राथमिकता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें उनके कानूनी व सामाजिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।